उज्जैन
रविवार
24
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-200
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



एक्स करण कुंद्रा-तेजस्वी की सगाई के बाद किया क्रिप्टिक पोस्ट अनुषा दांडेकर ने दी सफाई, कहा- मुझे कुछ कहना होता है, तो साफ कहती हूं

पेज- 8

## पत्रकारों से बदसलूकी करने वाले जनसंपर्क के पीआरओ मिश्रा का हो निलंबन

# कपिल मिश्रा ने खुद के विभाग में मचा रखा है गदर

## पूर्व अधिकारी से हाथापाई की आ चुकी है नौबत, सीएम के दौरे में भी बरती भारी लापरवाही

**ब्रह्मास्त्र** ›› उज्जैन

शासन-प्रशासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर सरकार की लोकप्रियता बढ़ाने का जिम्मा संभालने वाला जनसंपर्क विभाग इन दिनों उज्जैन में एक प्रशिक्षु अधिकारी की हरकतों की वजह से खुद बदनाम हो रहा है। मामला जनसंपर्क विभाग उज्जैन में पदस्थ सहायक जनसंपर्क अधिकारी कपिल मिश्रा से जुड़ा है। जब से मिश्रा की यहां पदस्थापना हुई है, वे पत्रकारों और अपने ही स्टाफ के लिए सिरदर्द बन चुके हैं। उन पर आरोप है कि वे बात-बात पर पत्रकारों से अभद्रता करते हैं और उनका आचरण पूरी तरह उच्छृंखल हो चुका है। अब पत्रकारों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए प्रशासन की साख बचाने के लिए इस उद्दंड कर्मचारी का तत्काल निलंबन होना बेहद जरूरी हो गया है।



सूत्रों की मानें तो जनसंपर्क विभाग में शायद ही कोई ऐसा अधिकारी या कर्मचारी होगा, जिससे कपिल मिश्रा की लड़ाई न हुई हो। मिश्रा के सिर पर अधिकारी होने का नशा इस कदर चढ़ा है कि वे कर्मचारी आचरण संहिता को ताक पर रखकर आए दिन स्टाफ से बदतमीजी करते हैं। हद तो तब हो गई जब पूर्व जनसंपर्क अधिकारी उइके से बदतमीजी करते हुए हाथापाई तक की नौबत आ गई थी। विभाग के अन्य स्टाफ के साथ भी यही स्थिति बनी हुई है, जिसकी शिकायतें कई बार वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंची हैं, लेकिन मिश्रा के रवैये में कोई सुधार नहीं आया।

### सीएम के दौरे में लापरवाही बोले- जिससे शिकायत करनी है कर दो

कपिल मिश्रा पर सिर्फ बदतमीजी ही नहीं, बल्कि काम में घोर लापरवाही बरतने के भी गंभीर आरोप हैं। हाल ही में जब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन पहुंचे थे, तब मुख्यमंत्री रामघाट का निरीक्षण करने गए थे। जनसंपर्क अधिकारी के स्पष्ट निर्देश के बावजूद मिश्रा ने पत्रकारों के कवरेज के लिए मीडिया पॉइंट ही नहीं बनाया। जब इस संबंध में कुछ पत्रकारों ने उनसे बात की, तो मिश्रा ने अपनी आदत के मुताबिक अहंकार दिखाते हुए दो टूक कहा, ₹मेरी शिकायत जिससे करना है कर देना।₹ इसके बाद पीड़ित पत्रकारों ने जनसंपर्क अधिकारी और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को इस बदतमीजी से अवगत कराकर शिकायत दर्ज कराई।

### अखबार के दफ्तर में नियम विरुद्ध वीडियोग्राफी

मिश्रा की अनुशासनहीनता यहीं नहीं रुकी। एक मामले में तो उन्होंने दैनिक अवंतिका कार्यालय के निजी और प्रेस परिसर में नियम विरुद्ध जाकर वीडियोग्राफी तक करवा डाली। इसके लिए उन्होंने बकायदा वरिष्ठों के जांच आदेश का झूठा हवाला दिया, जो कि पूरी तरह नियमों के खिलाफ था। उनकी इस उद्दंडता के कारण अब सीधे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### बढ़े आक्रोश के बीच सस्पेंशन की मांग तेज

कपिल मिश्रा की लगातार मिल रही शिकायतों, काम में लापरवाही और पत्रकारों के प्रति अमर्यादित व्यवहार को लेकर अब पत्रकारों और विभागीय कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। इस संबंध में जनसंपर्क अधिकारी और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को भी अवगत कराया जा चुका है। प्रशासन की लोकप्रियता और छवि को धूमिल होने से बचाने के लिए ऐसे उद्दंड और अनुशासनहीन कर्मचारी पर तत्काल निलंबन की कार्वाई की जाना बेहद जरूरी है।

## महाराष्ट्र का ब्रह्मपुरी लगातार दूसरे दिन सबसे गर्म, 47.1 डिग्री तापमान

**ब्रह्मास्त्र** ›› नई दिल्ली

भारत का आधा से ज्यादा हिस्सा तेज धूप और हीटवेव से तप रहा है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र और ओडिशा के कई हिस्सों में तापमान अब भी 45 डिग्री पार जा रहा है। महाराष्ट्र का ब्रह्मपुरी शनिवार को लगातार दूसरे दिन देश में सबसे गर्म रहा। यहां 47.1 डिग्री तापमान दर्ज हुआ।

प्राइवेट एजेंसी एक्यूआई.इन के मुताबिक, शनिवार को दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों में भारत के 37 शहर थे। इनमें बांदा, चंद्रपुर, रायपुर, प्रयागराज जैसे शहर शामिल थे। यूपी के बांदा में 46.2 डिग्री तापमान रहा। ओडिशा के झारसुगुड़ा में 45.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली के कई हिस्सों में तापमान 44 डिग्री के पार पहुंच गया। हालांकि दोपहर के बाद यूपी, दिल्ली, बिहार, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में आंधी-बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। राजस्थान के सभी शहरों का तापमान 45 डिग्री से नीचे आ गया।

## व्हाइट हाउस के पास फायरिंग, ट्रम्प अंदर मौजूद थे

# सुरक्षाबलों ने संदिग्ध को गोली मारी, मौत

### ट्रम्प की बेटी को भी हत्या की धमकी मिली थी

**ब्रह्मास्त्र** ›› वाशिंगटन

अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी में एक संदिग्ध शख्स ने व्हाइट हाउस के पास करीब 30 राउंड फायरिंग की। भारतीय समयानुसार यह घटना शनिवार रात करीब 3:30 बजे से सुबह 5 बजे के बीच हुई। घटना के समय अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प व्हाइट हाउस के अंदर मौजूद थे।



रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस के पास संदिग्ध हमलावर ने सिक्योरिटी चेकपॉइंट पर गोलियां चलाईं, जहां वर सीक्रेट सर्विस के अधिकारी तैनात थे। अफसरों की जवाबी कार्रवाई में हमलावर को गोली लगी। हॉस्पिटल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। युवक की पहचान 21 साल के नासिर बेस्ट के तौर पर हुई है। वह अमेरिका के मैरीलैंड राज्य का रहने वाला था। इस गोलीबारी में एक आम नागरिक भी गोली लगने से घायल हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि अभी यह साफ नहीं है कि उसे हमलावर की गोली लगी या जवाबी फायरिंग के दौरान चोट पहुंची। घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना से कुछ दिन पहले ही राष्ट्रपति ट्रम्प की बेटी को भी हत्या की धमकी मिली थी। इस मामले में एक इराकी युवक को गिरफ्तार किया गया था। वह ईरानी सेना से जुड़ा हुआ था। आरोपी के पास इवांका और उनके पति जैरेड कुशनर के फ्लोरिडा स्थित घर का ब्लूप्रिंट यानी नक्शा भी मिला था।

# तमिलनाडु में 3 दिन में 3246 बदमाश गिरफ्तार

## एंटी-ड्रग टास्क फोर्स ने 419 ड्रग तस्करों से गांजा-नशीली दवाएं जब्त किया

**ब्रह्मास्त्र** ›› चेन्नई

तमिलनाडु पुलिस ने 3246 बदमाशों को हिरासत में लिया और 419 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पिछले तीन दिनों में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान की गई। अभियान के दौरान पुलिस ने 15,349 लोगों की जांच की। इनमें 12,650 हिस्ट्रीशीटर और 2,699 गैर-हिस्ट्रीशीटर शामिल थे। इनमें 844 लोगों को विभिन्न कानूनी धाराओं के तहत ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा गया।



**इनकी कीमत 1.43 करोड़**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के 48 घंटे के भीतर विजय ने चार बड़े फैसले लिए थे। इनमें तमिलनाडु के हर जिले में करीब 65 एंटी-ड्रग टास्क फोर्स बनाने का फैसला शामिल था। इन्हीं टास्क फोर्स के जरिए नशीले पदार्थों की तस्करी, बिक्री और इस्तेमाल के खिलाफ एक्शन लिया गया।

**पुलिस ने गांजा और नशीली गोलियां जब्त की, कीमत 1.43 करोड़-** एनडीपीएस एक्ट के तहत ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 294 मामले दर्ज किए और राज्यभर में 419 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने 267.756 किलोग्राम गांजा और 2476 नशीली गोलियां भी जब्त कीं। इनकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 43 लाख बताई गई है।

**डीजीपी ने कहा- अभियान मुख्यमंत्री के निर्देश पर चलाया गया-** शनिवार को पुलिस महानिदेशक कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह अभियान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के निर्देश पर चलाया गया। तमिलनाडु सरकार के निर्देश पर पुलिस राज्य में शांति और लोगों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए काम कर रही है। पुलिस बदमाशी, ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों के कारोबार पर सख्ती से कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## रक्षा उत्पादन में निजी कंपनियों की हिस्सेदारी 50% करेंगे:



**अहिल्यानगर।** महाराष्ट्र के शिर्डी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एनआईबीई ग्रुप की रक्षा उत्पादन इकाई का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जो भारत कभी हथियारों का आयातक माना जाता था, उसे अगले 25-30 वर्षों में दुनिया का सबसे बड़ा हथियार निर्यातक बनने से अब कोई ताकत नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि सरकार रक्षा उत्पादन में निजी कंपनियों की हिस्सेदारी 50% तक बढ़ाना चाहती है। राजनाथ सिंह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ पूरी फैक्ट्री का निरीक्षण किया और भारत के पहले 300 किलोमीटर रेंज वाले यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चिंग सिस्टम सूर्यास्त्र को हरी झंडी दिखाई।

## अमेरिका- कैलिफोर्निया में डिज्नीलैंड के पास केमिकल टैंक लीक

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में केमिकल टैंक लीक हो गया। डिज्नीलैंड थीम पार्क से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित एयरोस्पेस फैक्ट्री में रखा केमिकल टैंक शुक्रवार को ओवरहीट हो गया। इसके बाद आसपास के करीब 40 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। कई स्कूल बंद कर दिए गए हैं और राहत शिविर खोले गए हैं, जो कि अब भर चुके हैं। कैलिफोर्निया के ऑरेंज काउंटी स्थित गार्डन ग्रोव शहर की है। यहां जीकेएन एयरोस्पेस नाम की कंपनी में मिथाइल मेथाक्रिलेट नाम का रसायन रखने वाला प्रेशराइज्ड टैंक गर्म हो गया और उससे जहरीली गैस निकलने लगी। ऑरेंज काउंटी फायर अथॉरिटी के अधिकारियों के मुताबिक टैंक फट सकता है या उसमें दरार आ सकती है, जिससे जहरीला केमिकल जमीन पर फैल सकता है।

## नीट पेपर : अगले साल से तकनीक आधारित परीक्षा प्रणाली लागू होगी



**नई दिल्ली।** देशभर में नीट-यूजी 2026 परीक्षा को लेकर जारी विवाद और पेपर लीक के आरोपों के बीच केंद्र सरकार ने परीक्षा प्रणाली में बड़े बदलावों का संकेत दिया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि सरकार परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए गंभीरता से काम कर रही है तथा अगले वर्ष से तकनीक आधारित परीक्षा प्रणाली लागू करने की तैयारी की जा रही है. उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा सुधारों की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, हालांकि इतने बड़े स्तर पर बदलाव एक वर्ष में पूरी तरह लागू नहीं किए जा सकते।

## दिल्ली जिमखाना क्लब 5 जून तक खाली करनी होगी 27 एकड़ जमीन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राजधानी के प्रतिष्ठित दिल्ली जिमखाना क्लब को बड़ा झटका देते हुए उसके 27.3 एकड़ परिसर को 5 जून तक खाली करने का आदेश जारी किया है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले भूमि एवं विकास कार्यालय यानी एलएंडडीओ ने क्लब को निर्देश दिया है कि वह सफदरजंग रोड स्थित अपनी पूरी संपत्ति निर्धारित समय सीमा तक सरकार को सौंप दे। आदेश में कहा गया है कि यह जमीन सार्वजनिक हित, रक्षा ढांचे को मजबूत करने और सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भूमि एवं विकास कार्यालय की ओर से जारी आदेश पर उप भूमि एवं विकास अधिकारी सूचित गोयल के हस्ताक्षर हैं।



## खबर एक नजर...

### परिवार अस्पताल लेकर पहुंचे, कुछ देर बाद हुई मौत

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र के न्यू इंदिरानगर में रहने वाले विजय पिता अम्बुप्रसाद 35 साल को शनिवार दोपहर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। कुछ देर चले उपचार के बाद विजय की मौत हो गई। मामला संदेहास्पद होने मामले की सूचना नीलगंगा थाना पुलिस को दी गई। प्रधान आरक्षक पियुष मिश्रा ने बताया कि मामले में मर्ग कायम का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों का कहना था कि अचानक तबीयत बिगड़ी थी। जिसके बाद विजय बेसुध हो गया था। प्रधान आरक्षक के अनुसार मामला सायलेंट अटैक का हो सकता है। जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर होगा। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

### केसुर रोड पर ट्रेक्टर-कार में भिड़ंत, 2 घायल

**उज्जैन।** बड़नगर थाना क्षेत्र के केसुररोड पर ट्रेक्टर और कार के बीच भिड़ंत हो गई। ट्रेक्टर पर सवार रमेश पिता नानूराम चौधरी 48 साल ग्राम कुनगारा और नंदराम पिता कांतिलाल 31 साल घायल हो गये। बताया जा रहा है कि कार चालक काफी तेजगति में आ रहा था, जिसने ट्रेक्टर को टक्कर मार दी थी। कार का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है, लेकिन चालक भाग निकला था। मामले में बड़नगर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### पंवासा में 15 साल के बालक ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** मक्सीरोड पंवासा में शनिवार देर शाम बालक का शव मां की साड़ी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंची और शव को अस्पताल लाया गया। पंवासा थाना प्रधान आरक्षक अनिल पाल ने बताया कि शिव नगर में रहने वाले 15 वर्षीय प्रणव पिता शंकर द्वारा घर में ही साड़ी के फंदे से फांसी लगाने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। बालक ने मां की साड़ी का फंदा गले में डाला था। घटना के समय पिता काम पर गये हुए थे। मां घरों में काम करती है, वह भी नहीं थी। दोनों के लौटने पर घटना का पता चला। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक बालक का घर में अपने भाई-बहन से कहासुनी हुई थी। जिसके बाद वह दूसरे कमरे में चला गया था। भाई-बहन भी खेलने में लग गये थे। प्रधान आरक्षक पाल के अनुसार शव को अस्पताल भेज मर्ग कायम किया गया है। रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### बैंक ऑफ बड़ौदा के कियोस्क सेंटर में तोड़फोड़

**उज्जैन।** तराना थाना क्षेत्र के मंत्री गली में बैंक ऑफ बड़ौदा का कियोस्क सेंटर सूरज पिता सीताराम चांदना जाति गुर्जर निवासी ग्राम बगोदा द्वारा संचालित किया जाता है। देर शाम सेंटर पर गुर्जर समाज के तीन बदमाश इंदर पिता हरलाल निवासी छापरी, जितेंद्र पिता चंदरसिंह निवासी बंजारी और महेश पिता रघुनाथ गुर्जर निवासी ग्राम मोया माकडोन पहुंचे और कियोस्क संचालक सूरज से सेंटर चलाने के एवज में रुपयों की मांग करने लगे। जिसको लेकर विवाद की स्थिति बन गई। तीनों बदमाशों ने सूरज के साथ मारपीट की और सेंटर में तोड़फोड़ कर दी, यही नहीं सूरज ने भी अपने साथियों के साथ मिलकर विरोध किया और अवैध रुपयों की मांग करने वाले बदमाशों को पीट दिया। कियोस्क सेंटर पर हुई तोड़फोड़ और अवैध रुपयों की मांग करने वाले बदमाशों के खिलाफ तराना पुलिस ने सूरज चांदना की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 119(1), 296, 324 (2), 115 (2), 351 (3), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले दो बदमाश इंदर और जितेंद्र भी घायल हुए हैं, जो उज्जैन अस्पताल जाकर भर्ती हो गए। महेश फरार है। जानकारी सामने आई है कि गुर्जर समाज के आरोपी बदमाश प्रवृति के है और तराना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में अवैध वसूली का काम करते हैं इनके द्वारा पवन चक्की कार्यालय पर पहुंचकर भी रुपयों की मांग की जाती है। पूर्व में भी इनके खिलाफ प्रकरण दर्ज हो चुके हैं।

## स्वास्थ्य टीम ने अस्पताल सील किया, जाते ही फिर खोल लिया, 8 क्लिनिक पर भी कार्रवाई

# फेसबुक-इंस्टाग्राम से इलाज करता मिला डॉक्टर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




उज्जैन के बड़नगर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिस अस्पताल को सील किया था, वह कुछ ही देर बाद फिर खुल गया। शनिवार को इसकी जानकारी मिलते ही टीम दोबारा मौके पर पहुंची और अस्पताल को फिर से सील कर दिया।

अस्पताल का डॉक्टर होम्योपैथिक डिग्री के आधार पर एलोपैथिक इलाज कर रहा था। वह फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया साइट्स के जरिए भी मरीजों का इलाज कर रहा था। जांच के दौरान अस्पताल से बड़ी मात्रा में अमानक दवाइयां भी मिलीं।

दरअसल, शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बड़नगर तहसील में करीब एक दर्जन अस्पतालों और क्लिनिक की जांच की थी। इस दौरान बिना रजिस्ट्रेशन, अमान्य डिग्री और गंभीर लापरवाही के साथ इलाज करने वाले फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की गई। टीम ने एक मेडिकल स्टोर, एक पैथोलॉजी लैब और एक निजी अस्पताल समेत 8 क्लिनिक सील किए।

जांच टीम में शामिल डॉ. विक्रम रघुवंशी ने बताया कि जिला स्वास्थ्य अधिकारी एके पटेल के निर्देशन में बड़नगर के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित लैब, क्लिनिक और अस्पतालों की जांच की गई। जांच में अनियमितताएं मिलने पर संबंधित संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

**डॉक्टर के पास आयुर्वेदिक डिग्री-** डॉ. विक्रम रघुवंशी ने बताया कि खरसोद कला में संचालित वेदांता अस्पताल के डॉक्टर संदीप यादव के पास आयुर्वेदिक डिग्री है, जबकि वे एलोपैथिक इलाज कर रहे थे। अस्पताल में मरीजों की भीड़ लगी हुई थी। जांच के दौरान पता चला कि डॉक्टर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए भी मरीजों को इलाज संबंधी सलाह दे रहे थे। अस्पताल से बड़ी मात्रा में अमानक दवाइयां भी बरामद की गईं।

**इन संस्थानों पर हुई कार्रवाई-** आरोग्यम क्लीनिक ग्राम खरसौद खुर्द, वेदांता अस्पताल खरसौदकलां, देवकमल पॉली क्लीनिक, विशेष पैथोलॉजी खरसौद कलां, जय अम्बे पॉली क्लीनिक, सिसोदिया क्लीनिक चिरोलाकला, संजीवनी अस्पताल रुनिजा, बड़नगर के चंद्रशेखर आजाद चौक स्थित सरोज मेडिकल स्टोर, डॉ. दीपांकर क्लीनिक, व्यास कॉलोनी स्थित महाकाल क्लीनिक और माली मोहल्ला स्थित आरोग्य क्लीनिक को सील किया गया। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ. सोमेश प्रदीप, डॉ. विक्रम रघुवंशी, मेडिकल ऑफिसर सुयश श्रीवास्तव और विकास राजपूत शामिल रहे। आजाद चौक स्थित डॉ. दीपांकर क्लीनिक पर कार्रवाई के दौरान एसडीएम धीरेंद्र पाराशर भी मौजूद थे।

## स्टेट फाइनेंस इंटेलिजेंस सेल ने पकड़ी गड़बड़ी

# महाकाल मंदिर के लिए जमीन ली 97 करोड़ अफसरों के खातों में भेजे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



महाकाल मंदिर विस्तार परियोजना के लिए वर्ष 2021 से 2023 के बीच जिन लोगों की जमीनों का अधिग्रहण किया गया, उनके मुआवजे के वितरण में नियमों का पालन नहीं किया गया। शासन से मुआवजे के लिए मिले 97 करोड़ रुपए अफसरों ने पीडी (पर्सनल डिपॉजिट) अकाउंट में जमा कराने के बजाय नगर निगम आयुक्त और भू-अर्जन अधिकारी के नाम पर खोले गए बैंक खातों में जमा करा दिए।

इसके बाद इन्हीं खातों से मुआवजा वितरण भी शुरू कर दिया गया। नियमों के मुताबिक यह राशि जिला स्तर के पीडी अकाउंट में जमा होना जरूरी था, ताकि पूरी प्रक्रिया शासन की निगरानी में रहे। अब स्टेट फाइनेंस इंटेलिजेंस सेल ने गड़बड़ी को पकड़ते हुए लेनदेन को संदिग्ध माना है। कोष एवं लेख आयुक्त ने राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव को जांच के लिए पत्र लिखा है। पूछा गया है कि नगर निगम व भू-अर्जन अधिकारी के खातों में राशि जमा कराने के लिए वित्त विभाग से मंजूरी ली गई थी या नहीं। बिना मंजूरी सरकारी खातों के संचालन, ट्रांजेक्शन व खातों में जमा राशि को दोबारा भू-अर्जन के पीडी अकाउंट में जमा कराने की जांच की बात कही है। महाकाल मंदिर विस्तार व बड़ा गणेश मंदिर से 24 खंभा व अहिल्याबाई मार्ग चौड़ीकरण के लिए 2021 से 2023 के बीच बड़े स्तर पर जमीन अधिग्रहण हुए। इनमें तकिया मस्जिद क्षेत्र का 66 करोड़ रु. का अधिग्रहण सबसे बड़ा था। मुआवजे की यह राशि नियमानुसार शासन के पीडी अकाउंट में जमा होनी थी, ताकि पूरा भुगतान और लेनदेन सरकार की रियल टाइम निगरानी में रहे।

# नौतपा कल से इस बार वाहन गज होने से अच्छी बारिश के संकेत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के साथ नौतपा 25 मई से शुरू होकर 2 जून तक रहेगा। पं.अजय कृष्ण शंकर व्यास के अनुसार वैदिक पंचांग गणना के अनुसार जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है, तब पृथ्वी पर गर्मी का प्रभाव चरम पर पहुंचता है। इन 9 दिनों की तेज तपन को नौतपा कहा जाता है। मान्यता है कि यदि नौतपा अच्छे से तपे यानी गर्मी प्रबल रहे तो मानसून बेहतर होता है और कृषि के लिए बारिश संतुलित होती है। यदि इन दिनों बार-बार बादल या बारिश हो जाए, तो लोक विश्वास में इसे वर्षा चक्र के कमजोर होने का संकेत माना जाता है।

इस बार रोहिणी का वाहन गज है, जो सुमिक्ष वर्षा का अर्थ पारंपरिक ज्योतिष/पंचांग भाषा में अच्छी, संतुलित और लाभकारी वर्षा से संबंध रखता है। बिखरी हुई बारिश, बीच-बीच में अंतराल लेकिन खेती के लिए उपयोगी बरसात रहेगी। जब सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करता है (लगभग 22 जून), तब वर्षा ऋतु की शुरूआत मानी जाती है। रोहिणी नक्षत्र को चंद्र का प्रिय नक्षत्र माना जाता है। सूर्य का इसमें प्रवेश अग्नि तत्व को बढ़ाने वाला माना जाता है, इसलिए गर्मी, शुष्कता, लू जल की कमी शरीर में पित्त वृद्धि इनका प्रभाव अधिक माना जाता है।

- **ज्योतिषी दृष्टिकोण रोहिणी नक्षत्र और सूर्य का संयोग :** सूर्य, रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं, तो नौतपा की शुरुआत होती है। सूर्य इस नक्षत्र में कुल 15 दिनों तक रहते हैं, लेकिन इसके शुरुआती 9 दिनों में सूर्य का प्रभाव सबसे उग्र होता है।
- **चंद्रमा और सूर्य का टकराव :** रोहिणी नक्षत्र का स्वामी चंद्रमा है। जब उग्र और अग्नि तत्व प्रधान सूर्य इस नक्षत्र में आते हैं, तो वे शीतलता को पूरी तरह सोख लेते हैं। इससे तापमान चरम पर पहुंचता है।
- **मानसून का गर्भधारण :** यदि नौतपा में भरपूर गर्मी पड़े, तो भारी बारिश होती है। कृषि वैज्ञानिकों ने कहा- खेती-किसानी के लिए वरदान : कृषि वैज्ञानिक डॉ. एके दीक्षित, उन्नत किसान ईश्वरसिंह जवासिया के अनुसार प्रचंड गर्मी से खेतों की मिट्टी में छिपे हानिकारक बैक्टीरिया, कीड़े-मकोड़े और फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों के अंडे नष्ट हो जाते हैं। यह मिट्टी का शुद्धिकरण करता है, जिससे आने वाली फसल बेहतर होती है।

# प्रदेश में पहली बार रामघाट पर नौसेना का बैंड देगा प्रस्तुति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को जनआंदोलन का रूप देने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 25 और 26 मई को शिप्रा तीर्थ परिक्रमा एवं गंगा दशमी महोत्सव आयोजित होगा। प्रदेश में पहली बार भारतीय नौसेना बैंड की प्रस्तुति होगी। मुख्य आकर्षण 26 मई को रामघाट पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मां शिप्रा को 351 फीट लंबी चुनरी अर्पित करना रहेगा। प्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर अपनी टीम के साथ भक्ति संगीत पेश करेंगी। करीब 22 साल से जारी इस परंपरा के तहत 25 मई को रामघाट से दो दिवसीय शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा निकलेगी। हजारों श्रद्धालु, साधु-संत, एनसीसी कैडेट, स्काउट-गाइड, इतिहासकार और सामाजिक संगठन इसमें शामिल होंगे। श्रद्धालु शिप्रा तट स्थित पौराणिक तीर्थों के दर्शन-पूजन भी करेंगे। धार्मिक आयोजन के साथ सांस्कृतिक रंग भी दिखेगा। परिक्रमा में इस बार पुरातत्व और पर्यावरण दल भी शामिल रहेगा।

पुराविद् डॉ. रमन सोलंकी के नेतृत्व में दल शिप्रा से जुड़े ऐतिहासिक अवशेषों और तथ्यों का अध्ययन करेगा, वहीं पर्यावरण दल मार्ग में बीजारोपण कर हरियाली बढ़ाने का संदेश देगा। आयोजकों ने बताया कि अभियान अब केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जल संरक्षण, नदी पुनर्जीवन और पर्यावरण संवर्धन का व्यापक जनअभियान बन चुका है।

गांव-गांव जनजागरूकता, वाटर हार्वेस्टिंग और नदी संरक्षण को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आयोजन समिति ने नागरिकों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। शिप्रा लोक संस्कृति समिति एवं महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ (संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन), उज्जैन विकास प्राधिकरण, रामघाट तीर्थ पुरोहित सभा अवंतिकापुरी तथा जिला प्रशासन उज्जैन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के लिए शनिवार को शोध पीठ कार्यालय में पत्रकार वार्ता हुई। इसमें रवि सोलंकी यूडीए अध्यक्ष, संत रामेश्वरदास महाराज कार्यकारी अध्यक्ष शिप्रा तीर्थ परिक्रमा, शिप्रा लोक संस्कृति समिति के सचिव नरेश शर्मा, डॉ. रमन सोलंकी, दिलीप सोनी कुलसचिव महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय ने कार्यक्रम की जानकारी दी।

उज्जैन
रविवार
24
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

संयोजयति विद्यैव नीचगापि नरं सरित्।
समुद्रमिव दुर्धर्षं नृपं भाग्यमतः परम्।।

**अर्थः** जिस प्रकार नीचे की ओर बहने वाली नदी नाव में बैठे व्यक्ति को अगम्य समुद्र में ले जाती है, उसी प्रकार निम्न जाति में पारित ज्ञान भी उस व्यक्ति को राजा से मिलवाता है; और राजा के मिलने के बाद उसकी किस्मत खिल जाती है।

## खबर एक नजर...

### किटी पार्टियों में कारोबारियों की पत्नियों को पैसा डबल करने का लालच दिया, ढाई करोड़ रु. ठगे

**इंदौर।** शहर के कारोबारियों की पत्नियों और छोटे व्यापारियों से ढाई करोड़ रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी महिला और उसकी कंपनी के लोगों ने फॉरेक्स और क्रिप्टो ट्रेडिंग के जरिये सौ दिन में पैसा डबल करने का लालच देकर झांसे में लिया। महिला एजेंट ने व्यापारियों की पत्नियों को किटी पार्टी के मार्फत जोड़ा फिर उनसे निवेश करवाया। जब पैसा नहीं मिला तो 25 से ज्यादा पीड़ितों ने क्राइम ब्रांच में शिकायत की। शनिवार दोपहर महिला एजेंट को गिरफ्तार कर लिया गया। बिजलपुर में रहने वाली जिया वाधवानी की शिकायत पर एजेंट हरप्रीत कौर खनूजा उर्फ मोना निवासी विष्णुपुरी, जसप्रीत उर्फ जस्सी चंडीगढ़, अनिरुद्ध दलवी बेंगलुरु और मुकेश तायडे व जोसेफ निवासी भोपाल के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। इसमें शहर के दो और लोगों के नाम भी आए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। इस कंपनी के खिलाफ तीन और स्थानों पर केस दर्ज हुए हैं। खातीवाला टैंक के व्यापारी हनी राजपाल ने बताया, मुझसे और मेरी पत्नी से संपर्क कर हरप्रीत ने 24 लाख रुपए निवेश करवा लिए। उसने शहर में इतने लोगों से निवेश करवाया था कि कंपनी ने उसे एक लग्जरी कार गिफ्ट की थी। कई दिनों बाद समझ आया कि बड़ी धोखाधड़ी हुई है। हमने क्राइम ब्रांच में 19 सितंबर 2025 को आवेदन दिया। 9 महीने जांच चली। 16 मई को केस दर्ज हुआ।

### जून अंत में शुरू हो सकता है कुमेड़ी आईएसबीटी

**इंदौर।** कुमेड़ी आईएसबीटी जून अंत में शुरू हो सकता है। इंदौर विकास प्राधिकरण ने इस आईएसबीटी को संचालित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर टेंडर जारी किए थे।एजेंसी तय हो चुकी है। वर्क ऑर्डर जारी किया जाना बाकी है। इस प्रक्रिया में एक महीने का वक्त और लग सकता है। 200 करोड़ रुपए की लागत से आईएसबीटी तैयार हुआ है। 1500 बसों का संचालन इस स्टेशन से होना है।

### चोरल अवैध पेड़ कटाई में जांच के लिए टीम गठित की

**इंदौर।** चोरल के जंगलों की विभिन्न बीट में हुई अवैध पेड़ कटाई मामले में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एपीसीसीएफ) ने संज्ञान लिया है। डीएफओ एक मामले में उपस्थित होने प्रिंसिपल बेंच जबलपुर गए हुए हैं। एपीसीसीएफ ने एसडीओ को फोन कर तीन अफसर, वनरक्षकों की टीम गठित की है। इन्हें चोरल के लिए रवाना कर दिया। दो दिन में सभी प्रभावित बीट में घूमकर कटाई की जांच करेंगे और भोपाल रिपोर्ट देंगे। वन बल प्रमुख शुभरंजन सेन ने एपीसीसीएफ एचएस मोहंता को मामले की रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं। अनुसंधान व विस्तार विभाग के एसडीओ एवं चोरल के प्रभारी एसडीओ अमित सोलंकी, रालामंडल डिपो की रेंजर और कुछ वनकर्मियों को मौके पर भेजा है। उमठ, बेका, रसकुंडिया, नयापुरा बीटों का न केवल निरीक्षण किया जाएगा, बल्कि वीडियोग्राफी भी की जाएगी। तीनों बीट में 500 पेड़ कटने की बात सामने आई है। सिमरोल से बड़वाह तक के हिस्से में जितने भी ढाबे हैं, उनमें लकड़ी का ही उपयोग हो रहा है। गर्मी के दिनों में अवैध कटाई की घटनाएं और बढ़ जाती हैं। रेंज के अफसर दिन में ड्यूटी कर रात को इंदौर आ जाते हैं। वीकेंड पर भी रेंज का जंगल लावारिस रहता है। इस कारण यहां हर बीट में अवैध कटाई बढ़ जाती है। जंगलों को काटकर खेतों में तब्दील किया जा रहा है। पिछले दिनों ही डीएफओ ने ऐसे कब्जे मुक्त कराए थे। सोलंकी के पास इंदौर-चोरल रेंज के एसडीओ का भी प्रभार है। इस मामले में उनकी भी जिम्मेदारी बनती है। रेंजर प्रीति शाक्य को जांच करने के लिए भेजा है, लेकिन साथ में एसडीओ को मदद के लिए भेज दिया है।

### इंदौर से दिल्ली-गुजरात तक बिजनेसमैन भी जाल में फंस चुके, रेशू चौधरी से

# हनीट्रैप-2 में नेता और अफसरों के 100 आपत्तिजनक वीडियो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर एक बार फिर चर्चित हनी ट्रैप मामले के केंद्र में है, जिसने 2019 के हनी ट्रैप कांड की यादें ताजा कर दी हैं। हनी ट्रैप-2 की गूंज मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात के साथ ही दिल्ली के राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों तक पहुंच गई है। मामले में गिरफ्तार श्वेता विजय जैन, रेशू चौधरी और अलका दीक्षित से पूछताछ में लगातार ऐसे खुलासे हो रहे हैं, जिनसे कई रसूखदारों की चिंता बढ़ गई है।



पुलिस को रेशू के मोबाइल और डिजिटल डिवाइस में 100 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं। ये वीडियो नेता, अफसरों और बिजनेसमैन के हैं। वो इन वीडियो से ब्लैकमेल कर करोड़ों रुपए वसूल चुकी है। जबकि कई अन्य सौदों पर भी काम चल रहा था। कुछ वीडियो बेचने की भी तैयारी चल रही थी।

रेशु उर्फ अभिलाषा चौधरी को शनिवार को क्राइम ब्रांच की टीम भोपाल और सागर लेकर पहुंची। सागर स्थित उसके घर की तलाशी के दौरान पुलिस ने कुछ इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए, जिनमें पुरानी ऑडियो रिकॉर्डिंग्स भी मिली हैं। जांच में सामने आया है कि रेशु कई नेताओं और मंत्रियों के संपर्क में थी। उसके मोबाइल और सोशल मीडिया अकाउंट्स से कई फोटो भी बरामद हुए हैं।

एक रिकॉर्डिंग में रेशु कथित तौर पर एक स्थानीय नेता के रिश्तेदार को धमकाते हुए सुनाई दे रही है। वह कहती है कि अगर उसने मुंह खोल दिया तो कई लोगों का राजनीतिक भविष्य खत्म हो जाएगा।

दूसरी रिकॉर्डिंग में वह एक महिला नेता के पुरुष रिश्तेदार से बातचीत कर रही है। इसमें रेशु दावा करती है कि उसके पास ऐसी सामग्री मौजूद है, जिसे सार्वजनिक करने पर पूरे परिवार की राजनीतिक प्रतिष्ठा और प्रभाव पर असर पड़ेगा।

एक अन्य बातचीत में रेशु खुद को यूक्रेन से पढ़ाई कर लौटी डॉक्टर बताती है। साथ ही वह मकरोनिया क्षेत्र से पार्षद चुनाव लड़ने की बात भी करती सुनाई दे रही है।

### प्लांड तरीके से चलाया जा रहा था रैकेट

जांच में सामने आया कि रैकेट प्लांड तरीके से चलाया जा रहा था। पुलिस के मुताबिक, भोपाल से श्वेता विजय जैन पूरा नेटवर्क चलाती थी। श्वेता सीधे सामने आने के बजाय रेशू चौधरी को निर्देश और ट्रेनिंग देती थी। रेशू चौधरी अपने संपर्कों की जानकारी देती थी, जिसके आधार पर आगे की रणनीति बनाई जाती थी।

- एमपी के विधायक, छत्तीसगढ़ के पुलिस अफसर गुजरात के बिजनेसमैन शिकार
- सिंडिकेट का नेटवर्क कई राज्यों तक फैला हुआ था।
- मध्य प्रदेश में जांच के दायरे में एक विधायक, मालवा-निमाड़ के कुछ नेता और एक पूर्व अधिकारी हैं।
- छत्तीसगढ़ के एक डीआईजी रैंक के अधिकारी का नाम भी है।
- दिल्ली के एक वरिष्ठ नेता और गुजरात के एक उद्योगपति भी इसके शिकार बताए जा रहे हैं।
- दिल्ली के एक नेता से 4 करोड़ रुपए वसूलने की साजिश भी जांच के दायरे में है।



### वीडियो को बड़े स्तर पर बेचने की तैयारी में थे

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वीडियो को बड़े स्तर पर बेचने की तैयारी में थे। जांच एजेंसियों को राजनीतिक संपर्कों और संभावित आर्थिक सौदों के संकेत मिले हैं। जांच में ये भी संकेत मिले हैं कि एक विधायक से जुड़ा वीडियो राजनीतिक दबाव बनाने के उद्देश्य से साझा किया गया था।

# पालदा पर पानी को लेकर होगा चक्काजाम

## महापौर की फोटो रखकर मांगेंगे पानी, परेशान हो रही जनता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में पानी का संकट लगातार गहराता जा रहा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि लोगों को रोजमर्रा के उपयोग के साथ पीने के पानी तक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। शहर में कई बार पानी की मांग को लेकर चक्काजाम और प्रदर्शन हो चुके हैं। लोगों का आरोप है कि जनता पानी के लिए परेशान है, लेकिन जिम्मेदारों की नींद नहीं खुल रही।



शहर के कई वार्डों की कॉलोनियां और मोहल्ले इन दिनों गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। स्थिति यह है कि टैंकर आते ही लोग पानी भरने के लिए टूट पड़ते हैं। नगर निगम ट्रैक्टर-टैंकरों के जरिए पानी सप्लाई तो कर रहा है, लेकिन यह जरूरत के मुकाबले नाकाफी साबित हो रहा है। पिछले दिनों कांग्रेस ने भी पानी की समस्या को लेकर शहर के सभी 22 जोनल कार्यालयों पर प्रदर्शन किया था। इसके अलावा कई इलाकों में लोग सड़क पर उतरकर चक्काजाम और धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। शनिवार को भी बड़ी संख्या में लोग पानी दो पानी दो के नारे लगाते हुए पैदल विधायक रमेश मेंदोला के घर तक पहुंच गए। वार्ड-75 के पार्षद कुणाल सोलंकी ने बताया कि वार्ड की कई कॉलोनियों और मोहल्लों में लगातार पानी की किल्लत बनी हुई है। नगर निगम से पर्याप्त टैंकर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे लोगों तक नियमित पानी पहुंचाना मुश्किल हो रहा है।

# प्रदेश में यूसीसी लागू करने के लिए इंदौर से शुरूआत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के लिए जन परामर्श की शुरूआत इंदौर से शनिवार को हुई। जाल सभागृह में आयोजित बैठक में राज्य सरकार द्वारा नियुक्त कमेटी के चारों मेंबर ने आमजन, संस्थाओं और समाजों से सुझाव लिए। अधिकांश सदस्यों ने अलग-अलग समाजों में महिलाओं पर होने वाले अत्याचार और बच्चों की परवरिश, शिक्षा और वित्तीय अधिकारों के लिए यूसीसी लागू करने को उचित माना।

सर्वाधिक आपत्ति लिव-इन रिलेशनशिप पर ली। साथ ही कहा कि इसे किसी भी तरह से कानूनी मान्यता नहीं दी जाना चाहिए। परिवारों के बीच से आपस में शादी को भी कई लोगों ने नकारा। बैठक में कमेटी के सदस्य शत्रुघ्न सिंह ने यूसीसी का उद्देश्य बताया।

**सुझाव देने की आखिरी तारीख 15 जून-** सुझाव देने की आखिरी तारीख 15 जून है। नागरिक ucc.mp.gov.in पर सुझाव दे सकते हैं। बैठक में विधायक मधु वर्मा, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, गोपीकृष्ण नेमा, श्रवण चावड़ा, डॉ. विनोद भंडारी, गणेश चौधरी, धर्मेंद्र पंड्या, सुरेश कार्टन सहित अन्य ने सुझाव दिए। कलेक्टर शिवम वर्मा, एडीएम रोशन राय भी मौजूद थे।

# 5 माह से गर्भ में था मृत जुड़वां शिशु, जांच के बाद तत्काल सर्जरी की गई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

37 वर्षीय गर्भवती महिला जब प्रसव पीड़ा के साथ शासकीय पीसी सेठी अस्पताल पहुंची तो डॉक्टर्स के सामने ऐसा मामला था, जिसे देखकर पूरी टीम सतर्क हो गई। जांच में पता चला कि महिला जुड़वां बच्चों की मां बनने वाली थी, लेकिन उनमें से एक शिशु की गर्भ में ही पांचवें महीने में मौत हो चुकी थी। इसके बावजूद दूसरा शिशु लगातार विकसित होता रहा।

**सुरक्षित जन्मा 3.7 किलो का दूसरा बच्चा**



सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि मृत भ्रूण लंबे समय से गर्भ में होने के कारण संक्रमण, ब्लीडिंग और दूसरे बच्चे की सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ था। डॉक्टर्स ने बिना समय गंवाए ऑपरेशन किया और 3.7 किलो वजन के स्वस्थ बच्चे का सुरक्षित जन्म करवाया। अच्छी बात यह है कि नवजात पूरी तरह स्वस्थ है और उसमें किसी तरह का संक्रमण नहीं मिला। मां और बच्चा दोनों की हालत सामान्य बताई जा रही है।

डॉ. विजयवर्गीय ने बताया, गर्भावस्था में एक भ्रूण की पहले ही मौत हो जाना और दूसरे बच्चे का सुरक्षित विकसित होना बहुत दुर्लभ स्थिति में होता है। लंबे समय तक मृत भ्रूण गर्भ में रहने से संक्रमण, समय पूर्व प्रसव और रक्तस्राव जैसी जटिलताओं का खतरा रहता है। जब गर्भ में किसी एक जुड़वां भ्रूण की मौत हो जाती है और वह लंबे समय तक वहीं रहता है तो उसका शरीर दबकर पतली कागज जैसी संरचना में बदल जाता है। मेडिकल की भाषा में इसे फीटस पपाइरेसियस कहा जाता है।

**हालत बिगड़ने पर महिला अस्पताल पहुंची थी-** अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक, महिला अब तक निजी अस्पताल में उपचार करवा रही थी। प्रसव पीड़ा बढ़ने पर उसे पीसी सेठी अस्पताल लाया गया। रिकॉर्ड और जांच देखने के बाद डॉक्टरों ने तुरंत ऑपरेशन की तैयारी शुरू कर दी। इस प्रक्रिया को स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कोमल विजयवर्गीय, एनेस्थेसिया विशेषज्ञ डॉ. सुनीता भटनागर और डॉ. स्वाति, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्याभ गहलोत तथा नर्सिंग स्टाफ प्रीति फड़के व रेखा ने पूरा किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने सफल प्रसव पर टीम को बधाई दी।

## खबर एक नजर...

### कालिदास संस्कृत अकादमी में ग्रीष्मकालीन शिविर तीन पीढ़ियां एक साथ सीख रही है कला

**उज्जैन।** कालिदास संस्कृत अकादमी में गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी कला शिविर बहुत उत्साह के साथ और उतनी ही गम्भीरता के साथ संचालित हो रहा है।इस शिविर में पिता, पुत्री तथा नाती तीनों प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। एक ओर पिता जहां सुगम संगीत का प्रशिक्षण ले रहे हैं वहीं पुत्री एवं नातिन लोकनृत्य तथा कथक का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस कलाशिविर में शास्त्रीय कलाओं के साथ साथ लोक कलाओं का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

शिविर प्रतिदिन प्रातः 8 से 10 बजे तक संचालित होता है, जिसमें लिखावट सुधारने के लिये कैलीग्राफी का प्रशिक्षण, शास्त्रीय नृत्य की दृष्टि से कथक का प्रशिक्षण, लोकनृत्य में मालवी लोकनृत्य तथा लोकगायन में संत रविदास के भजन, मीराबाई के भजन तथा सुगम संगीत में राष्ट्र अराधना के गीत सिखाएं जा रहे हैं। नाट्य प्रशिक्षण के अंतर्गत संत रविदास पर केन्द्रित एक नाटक का अभ्यास प्रशिक्षणार्थी कर रहे हैं। यह दृष्य है कालिदास संस्कृत अकादमी में संचालित होने वाले ग्रीष्मकालीन शिविर का यहां लोकनृत्य में 18, कैलीग्राफी में 41, शास्त्रीय नृत्य कथक में 40, सुगम संगीत में 16, लोकसंगीत में 29 तथा नाटक में 20 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।लोकनृत्य प्रशिक्षक श्रीमती हीरामणि वर्मा प्रसिद्ध लोक कलाकार श्रीमती कृष्णा वर्मा के मार्गदर्शन में सीखा रही हैं। आपने कहा कि हम लोकनृत्य के माध्यम से मालवा की संस्कृति भाषा तथा लोकनृत्य प्रशिक्षणार्थियों को सीखा रहे हैं। बारिश की ऋतु में जब मेघ आते हैं तब गांव की महिलाएं पनघट पर एकत्र होती हैं और उस समय के भाव को दर्शाने वाला पनिहारी नृत्य ठेट मालवा में प्रचलित मालवी मटकी ढोल की थाप पर सिखाया जा रहा है। आकाशवाणी से लोकगायन में 'ए' ग्रेड कलाकार श्री रामचन्द गांगोलिया ने बताया कि उनके मार्गदर्शन में लगभग ३० प्रशिक्षणार्थी लोकगायन सीख रहे हैं। हमने गुरुग्रन्थ साहेब में संत रविदास के जो पद्य हैं उनको गायन के लिए चुना है। इसमें 'प्रभुजी शरण तिहारी', 'ऐरी मैं तो प्रेम दिवानी' जो मीरा बाई का प्रसिद्ध पद्य है वो सिखाया जा रहा है, 'साची प्रित तुम हम संग लागी' भी इसमें सम्मिलित है।

### महानंदा नगर एरीना में 24 टीमों ने किया मार्च पास्ट, गुब्बारे छोड़कर हुआ प्रतियोगिता का शुभारंभ

# अस्मिता सब जूनियर राज्य बालिका बास्केटबॉल स्पर्धा शुरू, पहले दिन उज्जैन कॉर्पोरेशन, शहडोल, शिवपुरी और देवास विजयी






ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश राज्य बास्केटबॉल एसोसिएशन और उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में अस्मिता सब जूनियर राज्य बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता का महानंदा नगर स्थित बास्केटबॉल एरीना में शानदार शुभारंभ हुआ। संगठन की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश भर की 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन समारोह के पश्चात प्रतियोगिता के रोमांचक मैच खेले गए। पहले मुकाबले में उज्जैन कॉरपोरेशन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रतलाम कॉरपोरेशन को 24-04 के स्कोर से हराया। दूसरे मैच में शहडोल ने खंडवा को 23-11 से पराजित किया। इसी तरह तीसरे मैच में शिवपुरी ने मंदसौर पर 22-02 के स्कोर से एकतरफा जीत दर्ज की, जबकि चौथे मुकाबले में देवास और उज्जैन की टीमों का आमना-सामना हुआ, जिसमें देवास ने जीत हासिल की।

इससे पूर्व, उद्घाटन समारोह की शुरूआत खिलाड़ियों द्वारा बैंड की धुन पर निकाले गए आकर्षक मार्च पास्ट से हुई। उज्जैन कॉरपोरेशन टीम की कप्तान मेहरप्रीत कौर सचदेवा ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। अतिथियों ने आकाश में गुब्बारे छोड़कर और विधिवत घोषणा कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देवयानी गौर, ख्याति पाटीदार और प्रतिभा संगीत कला अकादमी के कलाकारों द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विक्रम विश्वविद्यालय कार्य परिषद के सदस्य राजेश सिंह कुशवाह उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के महासचिव अविनाश आनंद ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पार्षद दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी और पद्मजा रघुवंशी मौजूद रहीं। संगठन की अध्यक्ष ज्योति शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। अतिथियों का स्वागत प्रगति जैन, समीक्षा भदौरिया, रविशा लड्ढा, अर्चना टाइटस, विनोद पांचाल, शैलेंद्र टाइटस और मनीष धनौरिया ने किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने किया

## दो साल पुराने वर्क ऑर्डर पर मुख्यमंत्री करेंगे भूमिपूजन, उपनेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 25 मई को शहर के वार्ड क्रमांक 45 में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन करने वाले हैं। इस कार्यक्रम को लेकर नगर निगम में उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र गब्बर कुवाल ने बड़ा आरोप लगाया है। कुवाल ने बताया कि जिस कार्य का भूमिपूजन मुख्यमंत्री करने जा रहे हैं, उसका वर्क ऑर्डर दो साल पहले ही जारी हो चुका था।

उपनेता प्रतिपक्ष कुवाल ने बताया कि 99.25 लाख रुपये की लागत से होने वाले इस निर्माण कार्य का वर्क ऑर्डर 24 अक्टूबर 2024 को जारी किया गया था। पूर्व में ही क्षेत्रीय पार्षद और नागरिकों द्वारा इस कार्य का भूमिपूजन किया जा चुका है। कुवाल ने सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के वार्ड में राजनीति की जा रही है। भारतीय जनता पार्टी के लोग राजनीतिक द्वेषता और अपना फायदा देखने के लिए मुख्यमंत्री से दो साल पुराने कार्य का दोबारा भूमिपूजन करवा रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के इतने बड़े कार्यक्रम की जानकारी न तो नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को है और न ही क्षेत्रीय पार्षद को दी गई है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है, तो कार्यक्रम का कार्ड कहाँ से छप गया। नगरीय विकास एवं आवास विभाग और नगर पालिक निगम द्वारा जारी आमंत्रण पत्र के अनुसार, वार्ड क्रमांक 45 के अंतर्गत बागपुरा, हाथीपुरा, नारायणपुरा, विद्या नगर, बृजधाम एवं महाकाल सिंधी कॉलोनी में इस सीसी रोड का निर्माण कार्य होना है।

## साईं साधराम जी के देवलोक गमन पर विश्वभर में शोक

### पाकिस्तान की संसद में 2 मिनट का मौन, अंतिम यात्रा में उमड़े थे 10 लाख श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महान संत कंवरराम जी के नाती और परम पूजनीय हाजिर स्वरूप साईं साधराम जी साहब के देवलोक गमन से पूरे विश्व में शोक की लहर छा गई है। 19 मई को सिंगापुर में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान हृदयघात से उनका आकस्मिक निधन हो गया था। साईं साधराम जी की स्मृति में 23 मई को पूरे भारत के साथ ही उज्जैन में भी सिंधी समाज द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।



### पाकिस्तान में दी गई विशेष श्रद्धांजलि, अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

साईं साधराम जी का अंतिम संस्कार 21 मई को संत सतराम धाम, राहडकी, सिंध में पूरे विधि-विधान से संपन्न हुआ। उनकी अंतिम यात्रा में लगभग 10 लाख श्रद्धालु एकत्रित हुए थे। साईं जी के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए पाकिस्तान की पार्लियामेंट में भी 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उज्जैन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में समाज जन, माताएं और बहनें उपस्थित हुईं। सभी ने नम आंखों से पुष्प अर्पित कर साईं जी को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ. मुकेश जेठवानी, डॉ. उमेश जेठवानी, राजकुमार परसवानी, संतोष लालवानी, रतनलाल काका, दीपक बेलानी, अरुण रोचवानी, सुनील नवलानी, नरेंद्र सबनानी सहित सिंधी समाज के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने याद करते हुए बताया कि साईं साधराम जी अत्यंत सहज और सरल स्वभाव के संत थे। उनके दरबार से कोई भी खाली हाथ नहीं लौटता था। संतों के बारे में कहा जाता है कि वे कभी विदा नहीं होते, उनकी अलौकिक दिव्य ज्योति और आशीर्वाद स्वरूप उनकी शिक्षाएं सदैव सभी भक्तों का मार्गदर्शन करती रहेंगी।

# विक्रमादित्य विश्वविद्यालय को एआईसीटीई की बड़ी सौगात: इंजीनियरिंग डिप्लोमा और नए तकनीकी पाठ्यक्रमों को मिली मंजूरी

### इंजीनियरिंग डिप्लोमा कराने वाला पहला पारंपरिक विश्वविद्यालय बना, बीटेक-एमटेक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित रोजगारपरक कोर्स होंगे शुरू

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए मान्यता प्राप्त हो गई है। इसके साथ ही यह इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करने वाला पहला पारंपरिक विश्वविद्यालय बन गया है। एआईसीटीई द्वारा जारी एक्सटेंशन ऑफ अप्रूवल के तहत संस्थान में कई नए तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

एआईसीटीई की मंजूरी के बाद अब संस्थान में डिप्लोमा, बीटेक और एमटेक स्तर पर आधुनिक तकनीकी पाठ्यक्रम संचालित किए जा सकेंगे। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने बताया कि सभी नए कोर्स राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षा मानकों के अनुरूप संचालित किए जाएंगे। इन पाठ्यक्रमों के शुरू होने से विद्यार्थियों को अत्याधुनिक तकनीकी शिक्षा, उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण, शोध एवं रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। इस कदम से उज्जैन तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक नई पहचान स्थापित करेगा।

### डिप्लोमा की पांच ब्रांच में 30-30 सीटें स्वीकृत

तीन वर्षीय डिप्लोमा स्तर पर सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 30-30 सीटों की स्वीकृति दी गई है। वहीं, बीटेक स्तर पर कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, कंप्यूटर साइंस एंड बिजनेस सिस्टम और डेयरी टेक्नोलॉजी जैसे नए और आधुनिक रोजगारपरक कोर्स शुरू किए जाएंगे। इसके अलावा पूर्व से संचालित सिविल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंप्यूटर साइंस तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग की सीटों को यथावत रखा गया है।

एमटेक और कार्यरत पेशेवरों के लिए विशेष पाठ्यक्रम एमटेक स्तर पर भी विश्वविद्यालय ने नई तकनीकों पर आधारित पाठ्यक्रमों की शुरूआत की है। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, एनर्जी टेक्नोलॉजी, एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग तथा कंस्ट्रक्शन प्लानिंग एंड मैनेजमेंट जैसे कोर्स शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, तकनीकी क्षेत्र में कार्यरत पेशेवरों के कौशल उन्नयन और उच्च शिक्षा के लिए पावर सिस्टम्स एंड ऑटोमेशन, स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग एवं थर्मल इंजीनियरिंग में विशेष पाठ्यक्रमों को मंजूरी दी गई है।

## खबर एक नजर...

### आचार्य सुनील कृष्ण व्यास ने किया आह्वान, पेट्रोल-डीजल बचाने पर भी दिया जोर

**उज्जैन।** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में धार्मिक मंच से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का अनूठा संदेश दिया गया है। गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर प्रख्यात कथा व्यास आचार्य पंडित सुनील कृष्ण व्यास ने व्यासपीठ से श्रद्धालुओं से एक साल तक सोना न खरीदने और पेट्रोल-डीजल की बचत करने का आह्वान किया। आचार्य श्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रव्यापी अपील का समर्थन करते हुए जनता से सीधे तौर पर इस मुहिम से जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि रुपए के गिरते स्तर को सुधारने और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए आम नागरिक कम से कम एक साल तक सोने की खरीदारी से बचें। कथा व्यास ने पर्यावरण और देशहित में वाहनों का सीमित उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बहुत जरूरी होने पर ही वाहनों का इस्तेमाल करें, जिससे पेट्रोल-डीजल की बचत हो और देश का पैसा बचे। साथ ही उन्होंने भविष्य की जरूरतों को देखते हुए इलेक्ट्रिक व्हीकल्स अपनाने पर भी बल दिया। कथा श्रवण करने पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं के बीच जब धर्म के मंच से राष्ट्रधर्म का यह संदेश गूंजा, तो वहां मौजूद धर्मप्रेमी जनता ने इसकी व्यापक सराहना की। भागवत कथा के आध्यात्मिक माहौल में नागरिकों ने 1 साल तक सोने की खरीदारी पर रोक और ईंधन बचाने का संकल्प लिया। उज्जैन से उठी यह पहल बताती है कि देश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने में समाज के हर वर्ग और मंच का योगदान महत्वपूर्ण है।

### बेटियों का सम्मान करने वाले घरों में होता है लक्ष्मी का वासः संत संतोष देव

**उज्जैन।** पूज्य सिंधु भाईबंध समाज कल्याण एवं उत्थान समिति उज्जैन के तत्वावधान में संत लीला शाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल अब्दालपुर में चल रही भागवत कथा के छठे दिन अमरावती महाराष्ट्र के शिव धारा आश्रम से आए संत श्री संतोष देव जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए उन्होंने कहा कि वे माता-पिता भाग्यशाली हैं जिनके घर बेटियां हैं। जिस घर में बेटियों की पूजा होती है, वहां सदैव देवताओं और माता लक्ष्मी का वास होता है। समिति अध्यक्ष दौलत खेमचंदानी ने बताया कि महाराज जी ने कलयुग में कीर्तन और सत्संग को ही भवसागर पार करने का माध्यम बताया। प्रकृति के नियमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह शरीर नाशवान है। संत श्री ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मनोहारी वर्णन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने बताया कि भगवान को अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न नामों से पूजा जाता है; जैसे राजस्थान में सांवरिया सेठ और श्रीनाथ, महाराष्ट्र में पंढरीनाथ और विठ्ठल, दक्षिण में जगन्नाथ तथा गुजरात में द्वारकानाथ। कथा में भक्त नामदेव की भक्ति, कंस वध कर उग्रसेन को राजा बनाने, गोपियों व उद्धव के प्रसंग के साथ-साथ भगवान श्रीकृष्ण द्वारा उज्जैन के गुरु सांदीपनि आश्रम में 64 कलाओं की शिक्षा ग्रहण करने का मार्मिक चित्रण किया गया।

# पुरुषोत्तम मास महोत्सवः रास गरबा मनोरथ संपन्न

### श्री वल्लभ वैष्णव मंडल द्वारा भव्य आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल एवं महिला मंडल के संस्थापक विठ्ठल नागर के नेतृत्व में पुरुषोत्तम मास के अंतर्गत विशेष मनोरथ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन श्रृंखला के तहत आचार्य श्री महाप्रभु जी की बैठक पर रास गरबा मनोरथ संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों ने गरबा किया। इस अवसर पर श्री महाप्रभु जी की बैठक को मोगरे के फूलों से ऐसा महकाया गया कि पूरा माहौल खुशबू से महक उठा। वहीं रविवार, 24 मई को



भव्य गौ चारण मनोरथ आयोजित किया जाएगा।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि रविवार शाम 5:30 से 6:00 बजे के बीच श्री महाप्रभु जी की बैठक से गौ चारण यात्रा शुरू होगी। उज्जैन में संभवतः पहली बार गौ माता की ऐसी अनूठी सेवा की जा रही है। यह यात्रा सुरभि गार्डन पहुंचेगी, जिसमें गाय, ग्वाल और श्री कृष्ण स्वरूप शामिल रहेंगे। सुरभि गार्डन में मुख्य मनोरथी द्वारा गाय और भगवान श्री कृष्ण को तिलक लगाकर आरती की जाएगी। इसके पश्चात मैदान में 'गौ ग्रास भंडारे' के तहत गायों को हरी सब्जियां, फल और आम रस का भोग लगाया जाएगा। इससे पूर्व शरद उत्सव के तहत रास गरबा मनोरथ हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। ठाकुर जी को मोगरे के बंगले में विशेष श्रृंगार के साथ दर्शन कराए गए। उपस्थित महिला-पुरुष सदस्यों ने रास गरबे का आनंद लिया। कार्यक्रम के पश्चात सभी को दुग्धपान कराया गया।

इन समस्त आयोजनों को सफल बनाने में मंडल अध्यक्ष जयेश श्रीफ, कार्यकारी अध्यक्ष निरंजन माहेश्वरी, सचिव मनीष नागर, कोषाध्यक्ष दीपेश शाह, युवा मंडल अध्यक्ष नीतिन नीमा, कार्यकारी अध्यक्ष अमर दिसावल, सचिव राहुल नागर, कोषाध्यक्ष आभास शर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष पारुल शाह, कार्यकारी अध्यक्ष मनीषा नागर, सचिव कामिनी शाह और कोषाध्यक्ष परेशा नीमा सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्यों की सक्रिय भूमिका है।

### नए प्रोजेक्ट्स के लिए अब लैंड पूलिंग योजना पर होगा काम

# एमपी हाउसिंग बोर्ड का बड़ा फैसलाः मकानों में अब लोकतंत्र सेनानियों को भी मिलेगा आरक्षण

### मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन की अध्यक्षता में लिया गया अहम निर्णय

### फर्जीवाड़ा रोकने के लिए आरक्षित वर्ग को अनिवार्य रूप से देनी होगी 'समग्र आईडी'

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के मकानों में अब स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की तरह लोकतंत्र सेनानियों (आपातकाल के दौरान मीसा बंदी) को भी आरक्षण का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप यह महत्वपूर्ण निर्णय गुरुवार



को हाउसिंग बोर्ड के संचालक मंडल की बैठक में लिया गया। पर्यावास भवन में आयोजित इस अहम बैठक की अध्यक्षता बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष ओम जैन ने की।

आरक्षण में फर्जीवाड़ा रोकने समग्र आईडी अनिवार्य

वर्तमान में हाउसिंग बोर्ड के मकानों के आवंटन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को 4 फीसदी आरक्षण का प्रावधान है। अब इस आरक्षण के दायरे में लोकतंत्र सेनानियों को भी शामिल कर लिया गया है। इसके साथ ही आरक्षण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए बोर्ड ने सख्त कदम उठाया है। अब आरक्षित वर्ग में मकान खरीदने वालों के लिए समग्र आईडी देना अनिवार्य होगा। नियमानुसार, आरक्षित श्रेणी का कोई भी व्यक्ति केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ लेकर मकान खरीद सकता है। समग्र आईडी के उपयोग से यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी हितग्राही दोबारा आरक्षण का अनुचित लाभ न ले सके।

लैंड पूलिंग से बचेगी बोर्ड की पूंजी, किसानों को होगा फायदा

बैठक के दौरान अध्यक्ष ओम जैन ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नए प्रोजेक्ट्स लाने के लिए लैंड पूलिंग योजना पर शीघ्र काम शुरू किया जाए। लैंड पूलिंग व्यवस्था लागू होने से हाउसिंग बोर्ड को नई जमीनें खरीदने के लिए भारी पूंजी निवेश नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही इस प्रक्रिया से किसानों को भी उनकी जमीन का उचित और सीधा फायदा मिल सकेगा।

### कांग्रेस का बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर ज्यादा फोकस

**उज्जैन।** आगामी राजनीतिक गतिविधियों और संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर शुक्रवार को शहर कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष महेश परमार की अध्यक्षता में जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी एवं ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई बैठक में विधायक परमार ने कहा जनता के बीच लगातार सक्रिय रहकर कांग्रेस की नीतियों और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया जाए। संगठन की मजबूती पार्टी की सफलता का आधार बनेगी। पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका जरूरी है। इसके लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को समन्वय के साथ कार्य करना होगा। बैठक में आगामी जनसंपर्क अभियान, संगठन विस्तार और स्थानीय मुद्दों को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में शहर

# कर्मचारी संगठनों ने किया राज्य कर्मचारी कल्याण समिति अध्यक्ष का सम्मान



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के बैनर तले विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा सहित अन्य अतिथियों का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर लाल गिरी द्वारा इस आयोजन के लिए संगठन के समस्त पदाधिकारियों को एकत्रित किया गया था।

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ एवं संयुक्त मोर्चा संगठन के जिलाध्यक्ष मोकम सिंह पटेल के नेतृत्व में मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष हेमराज घावरी और संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास के अध्यक्ष ओम जैन और अमित श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारियों का भी पुष्पमालाएं पहनाकर भव्य सम्मान किया गया।

जिला उपाध्यक्ष सुरेश रायकवार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस स्वागत समारोह में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष मोकम सिंह पटेल, प्रदेश संरक्षक मोतीलाल निर्मल, उज्जैन जिलाध्यक्ष हेमराज घावरी, जिला सचिव मुकेश रायकवार, विभागीय अध्यक्ष सुनील खत्री, विष्णु नारायण सक्सेना और कमलेश मीणा सहित संगठन के कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# महाकाल दर्शन की अंतिम इच्छा लेकर उज्जैन आई नासिक की महिला का निधन

### बीमार पत्नी की अंतिम इच्छा पूरी करने अकेले उज्जैन पहुंचा था बुजुर्ग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकाल दर्शन की अंतिम इच्छा लेकर उज्जैन आई नासिक की एक बीमार महिला सीमा पति भेरूलाल उम्र 50 वर्ष का निधन हो गया। अपरिचित शहर में बेसहारा हुए मृतका के बुजुर्ग पति की मदद के लिए लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने वाले समाजसेवी अनिल डागर आगे आए और उन्होंने पूरे सम्मान व रीति-रिवाज के साथ महिला का दाह संस्कार संपन्न कराया।

जानकारी के अनुसार, नासिक निवासी एक बुजुर्ग व्यक्ति अपनी बीमार पत्नी को लेकर उज्जैन पहुंचे थे। महिला चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ थी। उसने अपने पति से जीवन में आखिरी बार भगवान महाकाल के दर्शन करने की इच्छा जताई थी। इसी आस में दोनों यहां आए थे, लेकिन भगवान के दर्शन



से पूर्व ही महिला ने प्राण त्याग दिए। इस पूरी यात्रा में बुजुर्ग दंपति बिल्कुल अकेले थे और उनके साथ कोई अन्य परिजन मौजूद नहीं था।

पत्नी के अचानक निधन से बुजुर्ग पूरी तरह असहाय हो गए। अनजान शहर में बिल्कुल अकेले पड़ चुके उस बुजुर्ग को स्थानीय लोगों ने समाजसेवी अनिल डागर का पता दिया। बुजुर्ग अपनी पत्नी का शव लेकर डागर के घर पहुंचे और अपनी व्यथा सुनाई। डागर ने तुरंत जिम्मेदारी संभाली और श्मशान घाट पर लकड़ियों की व्यवस्था कर चिता सजवाई। उन्होंने हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार बुजुर्ग पति का सहयोग करते हुए चिता की परिक्रमा और अन्य अंतिम क्रियाएं पूरे सम्मान के साथ संपन्न करवाईं। समाज में जहां अक्सर लोग अनजान लोगों की परेशानियों से कन्नी काट लेते हैं, वहीं उज्जैन के समाजसेवी अनिल डागर मानवता की एक अनूठी मिसाल पेश कर रहे हैं।

## खबर एक नजर...



### भारत विकास परिषद सुभाष शाखा द्वारा केप वितरण कार्यक्रम संपन्न

नीमच।भीषण गर्मी को देखते हुए भारत विकास परिषद सुभाष शाखा परिवार द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद मजदूर भाइयों के लिए 200 केप (कैप) वितरण का सेवा कार्य संपन्न किया गया। परिषद परिवार द्वारा आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में श्रमिकों को गर्मी से राहत प्रदान करने का प्रयास किया गया।इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष मनीष गर्ग, सचिव प्रमोद मालू, कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, पूर्व अध्यक्ष ललित राठी सुनील खंडेलवाल, दीपक बाहेती, संतोष बंसल, मुकेश पाटीदार, रविंद्र पाटीदार, सुरेश चंद्र शर्मा, लव खंडेलवाल, उपाध्यक्ष राकेश खंडेलवाल, अरविंद ढींगरा, सह महिला प्रमुख गौरी खंडेलवाल, डॉ. स्वीटी खंडेलवाल एवं संस्कार प्रमुख पूनम गर्ग सहित परिषद परिवार के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।सेवा कार्य में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों के प्रति परिषद परिवार ने आभार व्यक्त किया।

### चंबल डूब क्षेत्र पानी में कपड़े धोने गई एक महिला व लड़की की डूबने से मौत

नीमच। जिले के रामपुरा तहसील के समीपस्थ चचोर ग्राम के पास ग्राम अरनिया ढाणी से एक दुखद घटना मे एक महिला और ज्योति के डूबने की घटना हो गई द्य घटना की जानकारी मिलने पर पूरे गांव में शोक छा गया है द्य प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम अरनिया ढाणी निवासी जेतराम रावत मीणा की 14 वर्षीय पुत्री पायल और ४५ वर्षीय बहू कचरीबाई डूब क्षेत्र में कपड़े धोने के लिए गई थीं। इसी दौरान अचानक गहरे पानी में जाने से दोनों डूब गईं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए रामपुरा सिविल अस्पताल लाया गया द्य जहां डॉक्टर अभिषेक चौहान ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है द्य जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया द्य वही रामपुरा पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद ग्राम अरनिया ढाणी में शोक की लहर है।

### तोप वाले बालाजी मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा व महायज्ञ सत्रह जून को

मंदसौर। श्री न्यायपति तोपवाले बालाजी मंदिर परिसर में आगामी 13 से 17 जून तक भव्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होने जा रहा है। इस पंचदिवसीय महोत्सव के दौरान 13 जून शनिवार को भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा, जबकि 16 जून मंगलवार को सायं चार बजे बड़े बालाजी बस स्टैंड से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई तोप वाले बालाजी मंदिर परिसर पहुंचेगी। इसके अगले दिन 17 जून बुधवार को प्रातः 10.48 पर प्राण प्रतिष्ठा एवं कलश आरोहण का मुख्य समारोह आयोजित होगा तथा इसी दिन सायं 5.30 बजे विशाल महाप्रसादी भंडारे का आयोजन भी रखा गया है।

### जावद मे बस स्टैंड अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर,

नीमच। जिले के जावद बस स्टैंड पर शनिवार को प्रशासन का बुलडोजर एक्शन देखने को मिला। लंबे समय से बस स्टैंड क्षेत्र में फैले अस्थायी अतिक्रमणों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए धुंआधार कार्रवाई की। बुलडोजर चलते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।कार्रवाई के दौरान एडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, टीआई, पटवारी सहित भारी पुलिस बल और पूरा प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद रहा। प्रशासन ने दुकानदारों द्वारा किए गए अस्थायी कब्जों को हटाते हुए सड़क और बस स्टैंड क्षेत्र को खाली कराया।बताया जा रहा है कि प्रशासन ने पहले ही दुकानदारों को एक दिन का समय देकर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी थी।

# वक्ताओं ने कहा कि भाजपा संगठन में जब भी नयापन आता है, तो कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण से परिष्कृत किया जाता है

### पार्टी के जयघोष के साथ दो दिवसीय भाजपा जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन



**ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम**

शनिवार को जेएमडी स्थित श्री कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत आयोजित भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन पार्टी के जयघोष के साथ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन 5 सत्रो में बूथ प्रबंधन से लेकर देश की चुनौतियों तक चर्चा हुई । वक्ताओं ने कहा कि भाजपा संगठन में जब भी नयापन आता है, तो कार्यकताओं को प्रशिक्षण से परिष्कृत किया जाता है । कार्यकर्ता मजबूत होते है, तो संगठन सशक्त होता है। ये प्रशिक्षण भी इस दिशा में कारगर होगा। समापन सत्र को संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने संबोधित किया।

प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन पहले सत्र में जावरा विधायक डॉ.राजेन्द्र पाण्डेय ने पार्टी का इतिहास एवं विकास विषय पर मार्गदर्शन दिया । अध्यक्षता उज्जैन जिला प्रभारी बजरंग पुरोहित ने की । इसके बाद दूसरे सत्र में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने मोदी सरकार की गरीब कल्याण की योजनाएं एवं उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका विषय पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता इंदौर ग्रामीण जिला प्रभारी शैलेन्द्र डागा ने की। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने तीसरे सत्र में बूथ प्रबंधन और स्थानीय कार्यक्रम (मन की बात) के विषय पर मार्गदर्शन दिया। अध्यक्षता आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल ने की।

इसके बाद आई.टी.विभाग के प्रदेश सहसंयोजक सोमेश पालीवाल ने सोशल मीडिया/ एआई/नमो एप /सरल एप के महत्व और संचालन की जानकारी दी। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की । अंतिम सत्र में सांसद सुधीर गुप्ता देश के समक्ष चुनौतियां एवं निदान के हमारे प्रयास विषय पर विचार रखे। अध्यक्षता आरडीए उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी ने की। वर्ग के समापन सत्र में संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता मजबूत होता है तो संगठन सशक्त रहता है। कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने इससे पूर्व कार्यकताओं से कहा कि प्रशिक्षण संगठन और कार्यकर्ता के लिए संजीवनी की तरह होता है। इस प्रशिक्षण में जो सिखाया उसका आत्म अवलोकन करें। इसे अंगीकार करें और चुनौती को अपना लक्ष्य बनावे। इससे भाजपा का सेवा का संकल्प पूर्ण होगा। अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने जिला प्रशिक्षण वर्ग के सहयोगियों का सम्मान किया और कहा कि देश एवं दुनिया में भाजपा ही ऐसी पार्टी है तो कार्यकर्ता आधारित है। इसका सदस्य होना सबके लिए गौरव की बात है। इस दौरान जिला प्रभारी विवेक जोशी, सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डे, प्रशिक्षण प्रभारी नानालाल अटोलिया, जिला पंचायत अध्यक्ष लालाबाई चन्द्रवंशी, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, जिला महामंत्री महेश सोनी, जयवंत कोठारी, प्रशिक्षण टोली के सदस्य क्रांति जोशी, अनुज शर्मा एवं विप्लव जैन मंचासीन रहे।

जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग समापन से पूर्व सोशल मीडिया जिला संयोजक करण वशिष्ठ ने नमो एप क्विज एवं डिजिटल प्रश्नोत्तरी संपन्न कराई। इससे पूर्व प्रातः योग एवं प्रार्थना का आयोजन हुआ । इसमे योग प्रशिक्षक भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक डॉ राजेश शर्मा ने योग - प्राणायाम कराया । रात्रि में आनंद उत्सव भी हुआ । संचालन जिला महामंत्री महेश सोनी ने किया ।

## फिल्मी तरकीब से 15 लाख की फिरौती मांगने वाला शातिर आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर**



बॉलीवुड फिल्म शूटआउट एट लोखंडवाला तथा अन्य हॉलीवुड फिल्मों व वेब सीरीज को देखकर फिरौती की बड़ी साजिश रचने वाले आरोपी को कोतवाली थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बोहरा कम्युनिटी के एक व्यक्ति से 15 लाख रुपये की फिरौती मांगने और जान से मारने की धमकी दी थी।

प्राप्त जानकारी अनुसार विगत 19 मई को जनसुनवाई के दौरान फरियादी तैय्यब अली निवासी मुफद्दल टाउनशिप ने एसपी विनोद कुमार मीणा के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन दिया था कि एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल के माध्यम से उनसे पांच लाख रुपए की फिरौती मांगी जा रही है और राशि न देने पर जान से खत्म करने की धमकी मिल रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कोतवाली थाने पर बीएनएस की सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीकृत कर अनुसंधान शुरू किया गया। जांच के दौरान पुलिस की सुझाई गई रणनीति के तहत जब फरियादी ने आरोपी से फोन पर दोबारा बात की, तो शातिर आरोपी ने समय पर रकम न मिलने की बात कहकर फिरौती की राशि बढ़ाकर पंद्रह लाख रुपए कर दी।

पुलिस की तकनीकी विंग और साइबर सेल ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी की लोकेशन ट्रेस की और 22 मई को आरोपी रेहान (19) पिता कल्लू खां मेवाती निवासी चंद्रपुरा, हा.मु. खिलचीपुरा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि आरोपी करीब तीन-चार वर्ष पूर्व फरियादी के मकान निर्माण के दौरान वहां एसी फिटिंग का काम करने गया था, तभी उसने अमीर बनने की चाह में यह योजना बना ली थी। आरोपी ने इस अपराध को अंजाम देने के लिए सात महीने पहले एक विशेष मोबाइल खरीदा था जिसका उपयोग उसने कहीं और नहीं किया। यही नहीं, उसने उज्जैन से इंदौर के मध्य ट्रेन यात्रा के दौरान चार्जिंग पर लगे एक अन्य यात्री का मोबाइल सिम चुराया था ताकि पुलिस की नजरों से बच सके। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन भी बरामद किये है।



## गौ रक्षा को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर विहिप ने की कड़े कदम उठाने की मांग

**ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर**

विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग मालवा प्रान्त देशी गौवंश रक्षण संवर्धन न्यास द्वारा प्रांतीय आव्हान पर मंदसौर में राज्यपाल मंगूभाई पटेल के नाम सुशासन भवन में तहसीलदार को दिये ज्ञापन के माध्यम से आगामी त्यौहारों से पूर्व गौवंश हत्या व गौवंश तस्करी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने की पुरजोर मांग की गई। ज्ञापन में कहा कि देश और प्रदेश के कई क्षेत्रों में गौवंश तस्करी व हत्याओं की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं जो कि बेहद चिंताजनक विषय है। सभी राज्य सरकारें और पुलिस-प्रशासन गौवंश हत्यारों व तस्करों के विरूद्ध कठोरता से स्वतः संज्ञान लेकर सख्त कानूनी कार्यवाही करें ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके और गौभक्तों को सड़कों पर आने के लिए मजबूर न होना पड़े। इसके साथ ही राजस्थान व महाराष्ट्र सरकार की तर्ज पर मध्य प्रदेश शासन से भी गौ माता को राज्यमाता का दर्जा प्रदान करने तथा क्षेत्र की समस्त गौचर भूमियों को अतिक्रमण से शीघ्र मुक्त कराने का आग्रह किया गया है। ज्ञापन के माध्यम से स्थानीय स्तर की प्रमुख समस्याओं की ओर भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया है। इस दौरान विहिप के वरिष्ठ गुरूचरण बग्गा, जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी, विहिप जिला गौरक्षा प्रमुख अमरदीप

# भाजपा राज में असंगठित श्रमिकों का शोषण चरम पर है-उदित राज

**ब्रह्मास्त्र ›› पिपलियामंडी**

भाजपा सरकार मजदूर विरोधी, कांग्रेस श्रमिक वर्ग से जुड़े बुनियादी मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी- उमंग सिंघार भाजपा राज में मजदूर और श्रमिक वर्ग परेशान है : अजय सिंह राहुल असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मजदूरों को उनका हक दिलाने और कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने के लिए निरंतर संघर्षरत रहेगा। रणजीत सिंह शक्तावत मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस विभाग का एक दिवसीय प्रदेशस्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया



गया,सम्मेलन में प्रदेश भर से आए विभाग के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे,सम्मेलन में अखिल भारतीय असंगठित कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद श्री उदित राज जी, मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में असंगठित कामगारों, मजदूरों एवं कर्मचारियों की समस्याओं तथा भाजपा सरकार में इन वर्गों के सामने उत्पन्न चुनौतियों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन में प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव एवं अनुभव साझा किए, सम्मेलन को संबोधित करते हुए ने श्री उदित राज ने कहा कि केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकारें लगातार मजदूर,कर्मचारी और असंगठित वर्गों के अधिकारों की अनदेखी कर रही हैं। भाजपा राज में असंगठित श्रमिकों का शोषण चरम पर है। कांग्रेस पार्टी हमेशा श्रमिकों और कमजोर

## चार धाम यात्रा से सनावद लौटे तीर्थ यात्रियों का स्वागत

सनावद। चार धाम यात्रा कर वापस सनावद लौटे तीर्थ यात्रियों का शनिवार को भव्य स्वागत किया गया। सनावद से तीर्थ यात्रियों का दल गत 2 मई को रवाना हुआ था। तीर्थ यात्रियों में सीमा कमल जैन,महेश जैन,अंशु जैन,कोमल जैन,पद्मावती जैन, सिमरन जैन,किरण जैन,सोनू जैन,रिचा जैन,देशना जैन, रूपाली बडेक, रागिनी,वीरेंद्र सिंह चौधरी,नयनसिंह बघेल,मंजू बघेल, कुसुम गुर्जर शामिल थे। तीर्थ यात्रियों का स्वागत कमल डोसी और साथियों ने किया। इसके पूर्व तीर्थ यात्रियों का स्वागत इंदौर में नीलेश सराफ, बड़वाह में विकास कंकू चोपड़ा,राजपुर में प्रवीण जैन,रविंद्र गौतम जैन एवं बेड़िया में कुसुमलता जैन ने किया।

## गंगा दशमी से शुरू होंगी भव्य माँ नर्मदा आरती

मंडलेश्वर । नगर के नवनिर्मित नर्मदा घाट पर आगामी 26 मई गंगा दशमी से वाराणासी की विख्यात गंगा आरती की तर्ज पर भव्य नर्मदा महाआरती का शुभारम्भ होने जा रहा हैं। इस संबंध में एक बैठक मंडलेश्वर के नर्मदा आश्रय स्थल पर सम्पन्न हुई जिसमे 31 वर्ष से लगातार नर्मदा आरती करने वाली संस्था माँ नर्मदा आरती मंडल के पदाधिकारी नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे एवं महेश्वर में होने वाली नर्मदा महाआरती प्रकल्प के प्रमुख पंडित शुभम जोशी शामिल हुए। बैठक में सवार्नुमति से अमावस्या और पूर्णिमा पर भव्य माँ नर्मदा महारती शुरू करने का निर्णय लिया गया। पंडित शुभम जोशी यहां गंगा दशमी पर महा आरती का शुभारम्भ करवाएंगे। इस संबंध में आवश्यक संसाधन नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे उपलब्ध कराएंगे। महा आरती के लिए पंडित शुभम जोशी मंडलेश्वर के पंडितो को धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराने के लिए अपना सानिध्य और मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे के साथ पंडित शुभम जोशी पंडित अमित कानूनगो और नर्मदा आरती मंडल के मुकेश श्रीवास संतोष चौहान पवन तवर मनीष पाटीदार ने नर्मदा घाट पर होने वाली महा आरती के स्थान का अवलोकन किया।नर्मदा आरती मंडल के संतोष चौहान ने बताया कि आरती मंडल 1995 से लगातार नर्मदा घाट पर परम्परा गत वाद्य यंत्रो के साथ नर्मदा आरती करता आ रहा हैं अब इसे भव्य रुप से किया जाएगा।

## सड़क और नालीयो की मांग को लेकर लम्बे समय से रहवासी परेशान

खरगोन। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 7 स्थित गली के रहवासियों ने मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को मांगपत्र सौंपा है। रहवासियों ने विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा है की जिम्मेदार अधिकारीयो द्वारा विकास के नाम पर सिर्फ डिडोरा ही पिट रहे हैं रहवासियों ने अपनी गली में सड़क निर्माण, व्यवस्था और अन्य नागरिक समस्याओं को तत्काल दूर करने की मांग की है। उमाशंकर सोलंकी, देवंद्र जोशी, सावन सोलंकी, आदि रहवासियों ने बताया कि वार्ड 7 की गली में लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे, लेकिन अब तक सड़क का निर्माण नहीं किया गया है इस कारण बारिश के मौसम में आवागमन में भारी परेशानी होती है।

# जलुद में हुई बकरियों की चोरी के मामले का खुलासा-पुलिस ने 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर



जलुद में हुई बकरियों की चोरी के मामले का महज कुछ ही दिनों में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। मामले में दो शातिर आरोपियों सहित एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया है। आरोपियों के कब्जे से 8 लाख 25 हजार रुपए की चोरी की बकरियाँ और वारदात में इस्तेमाल की गई मारुति फ्रोंक्स कार जब्त की गई है।

थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया शनिवार को ग्राम जलूद के फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8-9 मई की दरमियानी रात कोई अज्ञात चोर उनके घर के सामने बने बाड़े से 8 बकरियाँ चुरा ले गए। जिनकी कीमत करीब 65 हजार रुपए थी। फरियादी ने अपने स्तर पर आसपास के गांवों और साप्ताहिक हाट-बाजारों में बकरियों की काफी तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिलने पर पुलिस की शरण ली। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। रात के समय हुई इस चोरी को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल और उसके आसपास के सभी रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। बारीकी से की गई जांच में घटना की रात एक संदिग्ध कार की आवाजाही दिखाई दी। इसके बाद मुखबिरों से मिले इनपुट्स के आधार पर पुलिस ने कुछ संदेहियों को चिह्नित किया। जिसके आधार पर ग्राम भवानिया बुजुर्ग (धरमपुरी) निवासी हाल मुकाम पटले नगर, इंदौर प्रिंस पिता भरत सिंह सोलंकी, छोटी खरगोन निवासी राजा (22) उर्फ स्वर्णिम चौहान सहित एक बाल अपचारी (नाबालिग) तीन लोग शामिल हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को हिरासत में लिया।

आरोपियों से पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि उन्होंने चोरी की इस वारदात को अंजाम देने के लिए विशेष रूप से इंदौर की एक टूर एंड ट्रेवल्स कंपनी से कार किराए पर ली थी।

## बावनगजा में मीडिया संगोष्ठी एवं साधारण सभा का आयोजन

**बड़वानी।** प्रेस क्लब बड़वानी एवं विश्व संवाद केंद्र जिला बड़वानी के संयुक्त तत्वावधान में आदि पत्रकार महर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य मीडिया संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रेस क्लब की साधारण सभा की बैठक भी आयोजित की जाएगी। यह समस्त कार्यक्रम आगामी 24 मई, दिन रविवार को प्रसिद्ध जैन तीर्थ बावनगजा में संपन्न होगा। प्रेस क्लब के अध्यक्ष पंकज शुक्ला, सचिव विजय निकुम एवं कोषाध्यक्ष जितेंद्र भावसार ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार प्रातः 10 बजे होगा। देवर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य मे आयोजित संगोष्ठी मे मुख्य वक्ता श्री जितेंद्र सिंह चौहान संपादकः दैनिक समाचार पत्र ₹पत्रिका₹, खण्डवा रहेंगे एवं उनके द्वारा स्वदेशी दृष्टि, वैश्विक स्वरःभारतीय मीडिया का नया युग विषय पर विचार प्रबोधन किया जायेगा। संगोष्ठी में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय मूल्यों, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना के साथ पत्रकारिता की भूमिका और महर्षि नारद के संदेशों पर प्रबुद्ध जनों एवं वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा विस्तार से विचार व्यक्त किए जाएंगे।नारद जयंती कार्यक्रम एवं संगोष्ठी के मुख्य सत्र के समापन के पश्चात सभी उपस्थित जनों के लिए सहभोज का आयोजन किया जाएगा। प्रेस क्लब बड़वानी की साधारण सभा की विशेष बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें क्लब की आगामी कार्य योजनाओं एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। पदाधिकारियों ने जिले के सभी पत्रकार साथियों, साहित्यकारों और प्रबुद्ध जनों से तय समय पर कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# खाद्य सामग्री उत्पादन हेतु बना फूड क्लस्टर खुद ही तबीयत से खा रहा है धूल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद




जोर-शोर से हुए किसी कार्य की इतनी मंद गति हो जाना कभी कभी समझ से परे हो जाता है।ऐसा ही हाल सनावद शास.पॉलिटेक्निक कॉलेज (पशु बाजार) के पास निर्मित खाद्य आधारित उत्पादन, विपड़न हेतु निर्मित औद्योगिक इकाई फूड क्लस्टर का हो रहा है। निर्माण से संबंधित सभी कार्य पूर्ण हो चुके हैं, बाग बगीचे, रंग-रोगन,रोड़ ऑफिस, कैंटीन, बैंक,गोडाउन पानी टंकी सहित तमाम अपेक्षित सुविधाओं के भवन एवं साधन जुट गए हैं। एवं विभाग को ठेकेदार द्वारा हैंड ओवर भी किया जा चुका है। लेकिन अब यह स्थान अपने सदुपयोग की राह देखता खाद्य आधारित सामग्री अपने आंचल में निर्मित करने की बजाय खुद ही धूल खाता नजर आ रहा है।

संबंधित विभाग एवं शासन प्रशासन के पास अभी कोई उचित जवाब नहीं है अलग-अलग बातें सुनाई देती हैं।।थोड़े से पुराने रेस्ट हाउस की भूमि के हेरफेर, स्थान बदल का भी शायद मामला जारी है।।चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष रमेश जोशी,प्रवक्ता जाकिरअमी, चैतन्य बंसल सहित सदस्यों एवं विकास संघर्ष समिति के डॉक्टर राजेंद्र पलौड़,राकेश गहलोत, मुश्ताक मलिक,ओम बंसल, धीरेंद्र सोलंकी,प्रणव व्यास,राजेंद्र मंत्री, लक्ष्मीकांत राठी, भूपेंद्र चतुर्वेदी, महेश शर्मा,आदि ने खाद्य परिसर में नागरिकों की और से सुस्त चाल पर प्रबल विरोध कर संबंधितों का ध्यानाकर्षण किया।। ताकि जल्द इसकी आवंटन प्रक्रिया शुरू हो सके और उत्पादन एवं व्यापार प्रारंभ हो सके,लोगों को रोजगार प्राप्त हो सके।अन्यथा आगे चलकर वैसे ही खंडहर और असामाजिक तत्वों की आराम गाह हो जाना है।।

चैंबर के जाकिर हुसैन अमी रमेश जोशी,संदीप चौधरी ने बताया कि महेश्वर क्षेत्र के मातमुर में इस इकाई के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण होकर आवंटन प्रक्रिया भी हो गई और यहां जस के तस हाल हैं।।जबकि सनावद से माल ढुलाई हेतु महेश्वर से अधिक बेहतर नजदीकी बड़े शहर,एवं आवागमन के रोड़ रेलवे के साधन उपलब्ध हैं जो कि आने वाले दो वर्षों में पूर्ण होकर और भी समृद्ध हो जाएंगे।

# मानव मात्र की सेवा ही ईश्वर की सच्ची प्रार्थना है-अनिल धारीवाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा



धर्म अनेकांतवाद में यकीन रखता है,जरूरी नही की धर्म स्थलों पर ही धर्म हो ,साधर्मिक बंधु की सेवा मानव मात्र की सेवा ही ईश्वर की सच्ची प्रार्थना है।

उपरोक्त विचार जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री द्वारा महावीर गौतम प्रसादी जैन सोश्यल ग्रुप्स इंटरनेशनल फेडरेशन के अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्टर अनिल धारीवाल नें जेएसजी जावरा मैत्री द्वारा खाद्य सामग्री भेंट के अवसर पर कहे,। मैत्री अध्यक्ष संदीप श्रीमाल व संदीप रांका नें बताया की महावीर गौतम प्रसादी जहाँ पर साधर्मिक बंधु के लिए मात्र 20 रुपए के नाममात्र के शुल्क पर शुद्ध, सात्विक भोजन प्रसादी की व्यवस्था अपनी सहूलियत के अनुसार उनके कार्यालय सुतारीपुरा जावरा में बैठकर या टिफिन के माध्यम से की जा रही है।, उसी महावीर गौतम प्रसादी पर आज जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री परिवार द्वारा नमक, आटा, दाल, तेल, घी, मसाला व अन्य खाद्य सामग्री जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री परिवार के सदस्यों द्वारा भेट की गई, इस अवसर पर मैत्री सदस्यों के सहयोग से महावीर गौतम प्रसादी पर व्यवस्था में सहयोग हेतु प्रतिमाह 1500/- रुपए एक वर्ष तक देने की घोषणा की गई । इस अवसर पर जैन सोश्यल ग्रुप मैत्री अध्यक्ष संदीप श्रीमाल, संस्थापक अध्यक्ष अनिल धारीवाल, आलोक बरैया, राजेश पोखरना, संदीप जैन, शरद डूंगरवाल,मनीष मेहता, दीपक मेहता, तरुण टुकड़िया, अरुण धारीवाल, शशंक मेहता,पियूष कांठेड ,संदीप दसेड़ा, राहुल भण्डारी, राहुल छाजेड, अभिषेक ओरा, मनीष पोखरना, संजय भण्डारी, शैलेष श्रीश्रीमाल, पुखराज संचेती, राहुल मेहता, पुखराज सुराणा, मनीष धारीवाल उपस्थित थे,। महावीर गौतम प्रसादी व्यवस्था समिति के राजेन्द्र जैन, राजकुमार हरण, प्रकाश कोठारी, , राजकुमार मारवाड़ी, राजेश श्रीश्रीमाल नें जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री परिवार का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

# 200 वर्ष प्राचीन स्वामीनारायण मंदिर में पुरुषोत्तम मास की भक्ति चरम पर, देश भर से उमड़ रहे भक्त

## 6 किलो सोने के सिंहासन पर विराजते हैं लक्ष्मीनारायण देव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर



शहर का 200 वर्ष प्राचीन स्वामीनारायण मंदिर इन दिनों पुरुषोत्तम मास के दौरान भक्ति, साधना और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना हुआ है। देशभर से श्रद्धालु भगवान के दर्शन, दुग्ध अभिषेक और कथा-श्रवण के लिए यहां पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में सुबह से देर रात तक भजन, पूजन और धर्मसभा का वातावरण बना हुआ है।

बुरहानपुर स्वामीनारायण मंदिर के महंत कोठारी पी पी स्वामी ने बताया कि इस मंदिर की विशेषता यहां स्थापित लगभग 6 किलो सोने से निर्मित तीन दिव्य सिंहासन हैं। मध्य सिंहासन पर लक्ष्मीनारायण देव हरेकृष्ण महाराज विराजमान हैं। दाहिने सिंहासन पर भगवान स्वामी नारायण अर्थात घनश्याम महाराज विराजते हैं, जबकि बाएं सिंहासन पर भगवान की सुख सैया सजाई जाती है। स्वामीनारायण संप्रदाय में मान्यता है कि पुरुषोत्तम मास भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण को अत्यंत प्रिय है। शास्त्रों में इसे अधिक मास नहीं बल्कि च्च्पुरुषोत्तम मासज्ज कहा गया है। मान्यता है कि इस मास में किया गया स्नान, दान, जप, तप और भक्ति अनेक गुना फल प्रदान करती है। मंदिर के मीडिया प्रभारी गोपाल देवकर ने बताया कि पूरे विश्व में स्वामीनारायण संप्रदाय का यह एकमात्र मंदिर माना जाता है जहां पूरे पुरुषोत्तम मास में प्रतिदिन भगवान का विशेष दुग्ध अभिषेक किया जाता है।

# टंट्या भील महानाट्य ने सतपुड़ा की वादियों में जगाई देशभक्ति की अलख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेपानगर



जननायक टंट्या भील के अदम्य साहस और अंग्रेजों के दमन के विरुद्ध उनके संघर्ष को समर्पित भव्य महानाट्य ₹रॉबिन हुड ऑफ इंडिया₹ एवं लाइट एंड साउंड शो का आयोजन गुरुवार शाम जागृति कला केंद्र नेपानगर में किया गया। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं नेपा लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस आयोजन ने सतपुड़ा की वादियों में देशभक्ति की अलख जगा दी।

कार्यक्रम के निर्देशक मुकेश दरबार ने बताया कि उनकी कला यात्रा का यह पहला आयोजन था, जो खुले प्राकृतिक मंच पर सतपुड़ा की वादियों एवं पेड़ों के बीच आयोजित किया गया। उन्होंने कहा, ₹इतिहास में कई जनजातीय वीर क्रांतिकारी रहे हैं, जिन्हें उचित स्थान नहीं मिला। उनकी शहादत को जन-जन तक पहुंचाना ही हमारा उद्देश्य है, ताकि देशप्रेम और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत हो।

मुख्य अतिथि, नेपा लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक राम अलागेसन ने कहा, ₹ऐसे आयोजनों से देशप्रेम की भावना जागृत होती है। निमाड़ के टंट्या भील की शहादत को नाट्य मंचन से प्रस्तुत करना सराहनीय है।




# धुरंधर-2 फेम पंजाबी सिंगर विवादों में....

### पॉडकास्ट में दावा- खान साब ने सिखों पर टिप्पणी की, कहा- जितने शहीद हुए, हमारे बंदों ने किए

धुरंधरः द रिवेंज जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म में गाना गाने वाले पंजाबी सिंगर खान साब पर सिख धर्म, गुरुओं और शहीदों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप लगे हैं। साथ ही उन पर एक युवक के धर्म परिवर्तन की कोशिश करने का भी आरोप है।

एक पॉडकास्ट में व्यक्ति दावा कर रहा है कि एक बातचीत के दौरान सिंगर खान साब ने उससे कहा था- सिखों के जितने भी शहीद हुए हैं न, वे हमारे बंदों ने किए हैं। इस मामले में बुड्ढा दल के निहंग मान सिंह ने कड़ा संज्ञान लेते हुए एक वीडियो जारी कर सिंगर को खुली चेतावनी दी है। निहंग ने कहा है कि खान साब जल्द से जल्द सामने आकर इस पूरे मामले पर अपना स्पष्टीकरण दें। अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया और माफी नहीं मांगी तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। वहीं, सिंगर खान साब का कहना है कि उनकी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति दावा कर रहा है, वह तो सिख भी नहीं है।

**पॉडकास्ट से शुरू हुआ विवाद-** यह पूरा विवाद एक हालिया इंटरव्यू/पॉडकास्ट के बाद शुरू हुआ है। यूट्यूब चैनल द संघा शो पर शुक्रवार को अपलोड किए गए एक पॉडकास्ट में हरनूर सिंह कूनर ने खान साब के साथ बातचीत को लेकर खुलासा किया। हरनूर सिंह खुद को सिंगर बताते हैं। हरनूर के इंट्रोडक्शन में पॉडकास्ट होस्ट ने वीडियो में बताया है कि वह रागी सिंहों के परिवार से हैं। टीवी चैनल जी टीवी पर प्रसारित होने वाले सिंगिंग रियलिटी शो सारेगामापा राइजिंग सुपरस्टार में वह प्रतिभागी बनकर जा चुके हैं। वीडियो में कुछ फोटो भी दिखाए गए, जिनमें हरनूर सिंह ने होस्ट सलमान खान को कंधे पर उठाया है।

### एक्स करण कुंद्रा-तेजस्वी की सगाई के बाद किया क्रिप्टिक पोस्ट

# अनुषा दांडेकर ने दी सफाई, कहा- मुझे कुछ कहना होता है, तो साफ कहती हूं





एक्ट्रेस, वीजे और सिंगर अनुषा दांडेकर ने हाल ही में अपनी उस पोस्ट पर सफाई दी है, जो उन्होंने एक्स बॉयफ्रेंड करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश की सगाई की खबरों के बीच की थी। उन्होंने साफ किया है कि उनकी क्रिप्टिक पोस्ट का करण-तेजस्वी की सगाई से कोई लेना-देना नहीं था। अनुषा दांडेकर ने आधिकारिक सोशल मीडिया से इस मामले पर सफाई देते हुए कहा है, हे भगवान, साफ है कि आपको कुछ पता ही नहीं है, खासकर आर्टिकल्स के बारे में। जब मैं किसी खास चीज के बारे में बात करती हूं, तो मैं साफ कहती हूं। अगर मैं अपनी वजहों से भगवान का शुक्रिया अदा कर रही हूं, तो भी आप उसे उसी बात से जोड़ देते हैं और फिर अपनी ही धारणाओं के आधार पर मुझ पर सवाल उठाते हैं।

आगे अनुशा ने लिखा है, कमाल है। और जितने भी प्यारे डीएम आए, मैंने सब देखे और मैं सहमत हूं। अब सब लोग मान सकते हैं कि आपने मुझे क्या लिखा था। लव यू ऑल।

**अनुषा ने किस पोस्ट पर दी सफाई-** दरअसल, एक समय में अनुषा दांडेकर और करण कुंद्रा रिलेशनशिप में थे। दोनों ने एमटीवी लव स्कूल भी साथ होस्ट किया था, हालांकि कुछ समय बाद दोनों अलग हो गए। इस दौरान खबरें रहीं कि करण कुंद्रा, अनुषा से कमिटेड नहीं थे। इसके बाद बिग बॉस 15 में करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश की नजदीकियां बढ़ीं और दोनों रिलेशनशिप में आ गए। दोनों पिछले 5 सालों से रिलेशनशिप में हैं।

हाल ही में करण कुंद्रा और तेजस्वी की कुछ तस्वीरें वायरल हुई हैं, जिसमें करण, तेजस्वी को शादी के लिए प्रपोज करते दिखे हैं। तस्वीरें वायरल होने के बीच ही अनुषा ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर कर लिखा, भगवान का शुक्र है। (अगर आप जानते हैं, तो जान जाएंगे)।

अनुषा की इस पोस्ट को करण-तेजस्वी की सगाई से जोड़कर देखा जाने लगा। एक वजह ये भी रही कि करण से ब्रेकअप के बाद अनुषा ने उनके खिलाफ कई बयान दिए थे।



# बोल्ड सीन पर आपत्तिजनक कमेंट देख भड़कीं कुनिका

### कहा- देश में औरत होना पाप, मारो-जला दो, कत्ल करो, अमरीश पुरी के साथ रोमांस करती दिखी थीं

लगातार राजनैतिनक मुद्दों पर राय रखने वालीं कुनिका सदानंद तब भड़क गईं, जब कुछ लोगों ने उनके पुराने बोल्ड सीन पर उन पर आपत्तिजनक कमेंट करना शुरू कर दिया। बात इतनी बढ़ गई कि कुनिका ने ये तक कह दिया कि भारत में औरतों को जलील करना और मार डालना पाप है।

वायरल किए जा रहे वीडियो में कुनिका सदानंद एक फिल्मी सीन में अमरीश पुरी के साथ पूल में रोमांस करती दिखी थीं। इसे शेयर कर एक यूजर ने लिखा, ये कुनिका हैं, जो आदर्श के झंडे उठाती हैं और मोदी जी को हर रोज गालियां देती हैं।

इस ट्वीट के जवाब में कुनिका ने पहले तो सफाई देकर लिखा, ये रोल है बेवकूफ। इसे एक्टिंग कहते हैं।

इसके बावजूद भी उस वीडियो पर कई आपत्तिजनक और अभद्र भाषा वाले कमेंट आते रहे। इस पर भड़ककर कुनिका ने लिखा, इस देश में औरत होना पाप हो गया है। औरतों को मारो, जला दो, कत्ल कर दो, रेप कर दो, उनको गाली दो, लांछन लगाओ, भ्रूण हत्या करो, तौहीन करो, उनका हक और उनसे मौका छीनों। ये सब जायज है हमारे नए भारत में। विवाद के बीच कई लोग ऐसे भी रहे जो कुनिका का बचाव करते दिखे। एक महिला ने कुनिका के बचाव में लिखा, किसी एक्ट्रेस के पुराने सीन को लेकर उसे सार्वजनिक रूप से सेक्शुअलाइज करना, मजाक उड़ाना और गंदी बातें करना सनातन संस्कृति नहीं, बल्कि साफ तौर पर औरतों के प्रति घटिया सोच और मिसोजिनी है। जो लोग हर समय संस्कार और परंपरा की बातें करते हैं, वही ऑनलाइन महिलाओं को ऑब्जेक्टिफाई करके शिकारी जैसी हरकतें कर रहे हैं। हिंदू धर्म महिलाओं का सम्मान सिखाता है, उनका अपमान, पीछा करना या उन्हें नीचा दिखाना नहीं। ऐसी सोच को बढ़ावा देने वाले हर आदमी को शर्म आनी चाहिए।

# छावा में रणदीप हुड्डा ने औरंगजेब का रोल ठुकराया था

### बोले- उस वक्त बहुत ज्यादा हिंदू-मुस्लिम की बात चल रही थी, इसलिए मना किया

एक्टर रणदीप हुड्डा ने हाल ही में बताया कि उनको फिल्म छावा में औरंगजेब का रोल ऑफर हुआ था, लेकिन उन्होंने करने से मना कर दिया था।

रणदीप ने जूम को दिए इंटरव्यू में कहा, 'मैं लक्ष्मण उतेकर को एक डायरेक्टर और इंसान, दोनों तौर पर बहुत पसंद करता हूं। वो मेरे पास फिल्म छावा में औरंगजेब के रोल के लिए आए थे। उस समय मेरा वजन काफी कम हो गया था और मैंने अपना सिर भी मुंडवा लिया था।

एक्टर ने आगे कहा, मैंने उस समय फिल्म ह्रस्वातंत्र्य वीर सावरकर की शूटिंग खत्म की थी और उसके पोस्ट-प्रोडक्शन पर काम कर रहा था। इसी दौरान मैं एक कोर्ट केस से भी गुजर रहा था। उस वक्त हिंदू-मुस्लिम को लेकर काफी बातें हो रही थीं। इसलिए मैंने उस रास्ते पर आगे बढ़ने से मना कर दिया।

**छावा में औरंगजेब का रोल अक्षय खन्ना ने निभाया था-** साल 2025 में रिलीज हुई फिल्म छावा मराठा साम्राज्य के दूसरे छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित थी। फिल्म में संभाजी महाराज का किरदार विक्की कौशल ने निभाया है, जबकि महारानी येशुबाई का रोल रश्मिका मंदाना ने प्ले किया था। औरंगजेब के रोल में अक्षय खन्ना नजर आए थे। फिल्म का डायरेक्शन लक्ष्मण उतेकर ने किया है और इसे मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले दिनेश विजान ने प्रोड्यूस किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही और इसने दुनिया भर में 795 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी।

**लक्ष्मण उतेकर की फिल्म में नजर आएंगे रणदीप-** रणदीप हुड्डा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में वेब सीरीज



'इंस्पेक्टर अविनाश 2' में नजर आए हैं, जिसका प्रीमियर 15 मई को जियोसिनेमा पर हुआ है। इसके अलावा, वह जल्द ही



लक्ष्मण उतेकर की अपकमिंग फिल्म 'ईथा' में भी मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे, जिसका हिस्सा श्रद्धा कपूर भी हैं। फिल्म ईथा



मशहूर लावणी डांसर और तमाशा कलाकार विठाबाई भाऊ नारायणगांवकर की बायोपिक है।

## आईपीएल 2026 : पंजाब ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 7 विकेट से हराया

# श्रेयस रनचेज में शतक लगाने वाले चौथे कप्तान

### टी-20 में 7 हजार रन भी पूरे, शमी को छठी बार पहली गेंद पर विकेट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ**

पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 के 68वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 7 विकेट से हरा दिया। श्रेयस अय्यर आईपीएल के रनचेज में शतक लगाने वाले चौथे कप्तान बने। उन्होंने अर्जुन तेंदुलकर की गेंद पर सिंगल लेकर टी-20 में अपने 7 हजार रन भी पूरे किए। शमी ने प्रियांश आर्या को आउट कर आईपीएल में छठी बार पारी की पहली गेंद पर विकेट लिया।

- **पंजाब लगातार 6 मैच हारने के बाद जीती-** आईपीएल में पंजाब किंग्स की सबसे लंबी हार का सिलसिला 2015 में 7 मैचों का रहा था। 2026 में टीम लगातार 6 मैच हार चुकी थी, लेकिन लखनऊ के खिलाफ जीत के साथ यह सिलसिला टूट गया। इससे पहले पंजाब को 2011, 2018 और 2020 में लगातार 5-5 हार मिली थीं। साथ ही पंजाब का लखनऊ के खिलाफ दबदबा जारी रहा। टीम ने 2025 के बाद से लखनऊ के खिलाफ सभी 4 मुकाबले जीते हैं। लखनऊ में खेले गए पिछले 4 मैचों में यह पंजाब की तीसरी जीत भी रही।
- **श्रेयस रनचेज में शतक लगाने वाले चौथे कप्तान-** श्रेयस ने लखनऊ के खिलाफ आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। इसके साथ ही वे रनचेज में शतक लगाने वाले चौथे कप्तान बन गए।



उनसे पहले वीरेंद्र सहवाग (2011), विराट कोहली (2016), संजू सैमसन (2021) रन चेज में बतौर कप्तान आईपीएल में शतक लगा चुके हैं। इसके अलावा श्रेयस पंजाब के लिए शतक लगाने वाले तीसरे कप्तान भी बने। उनसे पहले केएल राहुल ने 2020 और एडम गिलक्रिस्ट ने 2011 में बेंगलुरु के खिलाफ शतक लगाए थे।

- **शमी ने सबसे ज्यादा बार पारी की पहली गेंद पर विकेट लिए-** मोहम्मद शमी आईपीएल में सबसे ज्यादा बार पारी की पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने पंजाब के खिलाफ प्रियांश आर्या को पहली गेंद पर कैच आउट कराया। उन्होंने टूर्नामेंट में रिकॉर्ड छठी बार यह कारनामा किया। दूसरे नंबर पर इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर हैं, जिन्होंने 5 बार इनिंग की पहली गेंद पर विकेट लिए हैं।
- **अर्शदीप ने पंजाब के लिए सबसे ज्यादा बार 50+ रन दिए-** अर्शदीप सिंह पंजाब की ओर से सबसे ज्यादा बार 50 या उससे अधिक रन देने वाले गेंदबाज बन गए हैं। वे अब तक 7 बार यह आंकड़ा छू चुके हैं। इस लिस्ट में सैम करन दूसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने पंजाब के लिए 4 बार 50+ रन दिए हैं।
- **प्रभसिमरन दो सीजन में 500+ रन बनाने वाले पहले अनकैप्ड खिलाड़ी-** प्रभसिमरन सिंह ने इस सीजन के लीग स्टेज में 510 रन बना दिए। वे पहले अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने दो सीजन में 500 से ज्यादा रन बनाए हैं।
- **पंजाब के लिए आईपीएल की 5वीं सबसे बड़ी साझेदारी हुई-** श्रेयस और प्रभसिमरन ने लखनऊ के खिलाफ तीसरे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी की। यह पंजाब के किसी भी विकेट के लिए 5वीं सबसे बड़ी साझेदारी है। पहले नंबर पर एडम गिलक्रिस्ट और शॉन मार्श हैं, जिन्होंने साल 2011 में बेंगलुरु के खिलाफ 206 रन जोड़े थे।
- **बडोनी अजीबो-गरीब तरीके से आउट हुए-** लखनऊ की पारी के 7वें ओवर में बल्लेबाज आयुष बडोनी अनोखे अंदाज में स्टंप आउट हुए। युजवेंद्र चहल ने ओवर की चौथी गेंद तेजी से फ्लाइट कराई, जिस पर बडोनी चकमा खा गए। शॉट खेलने के बाद उन्होंने क्रीज से पैर उठाया और फिर वापस क्रीज में रखा। इस दौरान विकेटकीपर प्रभसिमरन ने स्टंपिंग की। ऐसा लगा कि बल्लेबाज क्रीज में आ गए हैं और चहल रनअप पर जाने लगे। तभी प्रभसिमरन ने अंपायर से अपील की। इसके बाद रिप्ले में दिखा की शॉट खेलने के बाद जब बदोनी ने पैर उठाया, उसी दौरान गिल्लियां बिखेरी।
- **श्रेयस ने छोड़ा पंत का कैच, 2 गेंद बाद आउट हुए-** पंजाब के खिलाफ ऋषभ पंत जीवनदान मिलने के दो गेंद बाद ही आउट हो गए। पहली पारी के 14वें ओवर में चहल की तीसरी गेंद को पंत ने एक्स्ट्रा कवर की ओर खेला। वहां खड़े श्रेयस के पास कैच पकड़ने का मौका था, लेकिन गेंद हाथ से छिटक गई। इसकी अगली गेंद पर पंत ने चौका जड़ दिया। इसके बाद पंत ने ऑन साइड में सिक्स लगाने की कोशिश की, लेकिन गेंद डीप में खड़े मार्को यानसन के हाथों में चल गई।
- **अर्जुन तेंदुलकर के पहले ओवर में पंत ने कैच छोड़ा-** अर्जुन के पहले ही ओवर में विकेटकीपर ऋषभ पंत ने प्रभसिमरन सिंह का कैच छोड़ दिया। दूसरी पारी में 7वें ओवर की चौथी गेंद अर्जुन ने बाउंसर फेंकी। प्रभसिमरन ने पुल शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके ग्लव्स को छूकर विकेट के पीछे गई। पंत ने बाई ओर छलांग लगाते हुए कैच पकड़ा, लेकिन आखिरी वक्त में गेंद उनके दस्तानों से छिटक गई। इस तरह अर्जुन को पहले ओवर में विकेट मिलने का मौका चला गया।
- **श्रेयस ने टी-20 में 7 हजार रन पूरे किए-** श्रेयस अय्यर ने टी-20 क्रिकेट में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने रनचेज के 7वें ओवर में अपने 7 हजार रन पूरे किए। अर्जुन तेंदुलकर के ओवर की तीसरी गेंद को श्रेयस ने स्वीपर कवर की ओर खेलकर सिंगल लिया। इसी के साथ उन्होंने यह आंकड़ा छुआ।
- **श्रेयस ने छक्के से सेंचुरी पूरी की और पंजाब जीता-** रनचेज के 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर श्रेयस ने छक्का लगाकर आईपीएल का अपना पहला शतक लगाया। इसके साथ ही पंजाब यह मैच जीत जहैया। 95 रन पर खेल रहे श्रेयस ने मोहसिन खान की स्लोअर गेंद पर सिक्स जड़ दिया।

## आईपीएल सीजन का आखिरी डबल-हेडर आज

# मुंबई-राजस्थान में पहला मैच



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई**

आईपीएल में रविवार को सीजन का आखिरी डबल हेडर होगा। पहला मैच मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच वानखेड़े स्टेडियम में दोपहर 3:30 बजे से खेला जाएगा। राजस्थान 14 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। उसके पास प्लेऑफ में पहुंचने का आखिरी मौका है। वहीं, मुंबई 13 मैच में 4 जीत से 8 अंक ही हासिल कर सकी है। टीम 9वें स्थान पर है और पहले ही टूनामेंट से बाहर हो चुकी है।

मुंबई को हराने पर राजस्थान के 16 अंक हो जाएंगे। यह पंजाब और कोलकाता से ज्यादा होंगे। ऐसे में टीम सीधे प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। अगर राजस्थान हार जाती है, तो टीम प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी।

राजस्थान और मुंबई के बीच 31 मैच खेले गए हैं। इनमें 16 मैच मुंबई और 15 राजस्थान ने जीते हैं। वैभव सूर्यवंशी राजस्थान के टॉप स्कोरर हैं। वे ऑरेंज कैप की रेस में चौथे स्थान पर हैं। वैभव 13 मैच में 236.32 के स्ट्राइक रेट से 579 रन बना चुके हैं। उनके नाम एक शतक और 3 अर्धशतक हैं। वैभव के साथ यशस्वी जायसवाल भी मुंबई के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकते हैं। जायसवाल ने गुवाहाटी में मुंबई के खिलाफ 32 गेंदों में 77 रन बनाकर मैच एकतरफा कर दिया था। जायसवाल ने 3 साल पहले वानखेड़े में अपना पहला आईपीएल शतक लगाया था। गेंदबाजों में जोफ्रा आर्चर 18 विकेट लेकर टॉप विकेट टेकर बने हुए हैं। मुंबई की ओर से रायन रिकेल्टन ने सबसे ज्यादा 436 रन बनाए हैं। अफगानी स्पिनर अल्लाह गजनफर ने सबसे ज्यादा 14 विकेट लिए हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









रिलायंस ने नाम नई उपलब्धि

# 120 अरब डॉलर राजस्व पार करने वाली पहली भारतीय कंपनी बनी




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वित्त वर्ष 2025-26 में 120 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व पार कर इतिहास रचा, यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। आइए इस बारे में जानें।

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वित्त वर्ष 2025-26 में एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। यह कंपनी 120 अरब डॉलर का राजस्व आंकड़ा पार करने वाली भारत की पहली कंपनी बन गई है। यह उपलब्धि देश की अदम्य भावना और आर्थिक शक्ति का प्रमाण है।

कंपनी ने अपनी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की है। कंपनी ने लिखा, रिलायंस का यह शानदार सफर 1966 में एक छोटे कपड़ा उद्योग के सपने के साथ शुरू हुआ था। आज 2026 तक यह 124 अरब अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन वाला एक विशाल वैश्विक समूह बन चुका है। कंपनी के लिए 'विकास ही जीवन' का मूल मंत्र रहा है, जो इसकी निरंतर प्रगति का आधार है। यह सफलता भारतीय व्यापार जगत के लिए एक मील का पत्थर है। यह भारत के आर्थिक उत्थान की कहानी को और मजबूत करती है।

रिलायंस ने अपनी शुरूआत से ही लगातार और प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की है। कपड़ा उद्योग से आगे बढ़ते हुए, आज यह ऊर्जा, खुदरा, दूरसंचार और डिजिटल सेवाओं जैसे कई प्रमुख क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति रखता है। कंपनी का यह विस्तार उसकी दूरदर्शिता और नवाचार का परिणाम है। यह सफलता भारतीय कंपनियों के लिए एक बड़ी प्रेरणा है, जो वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं।

जून से महंगा हो सकता है लोन, एलआईसी का मुनाफा 23 फीसदी बढ़ा

# महंगाई के बीच बढ़ सकती हैं ब्याज दरें




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

लगातार बढ़ रही महंगाई के बीच पेट्रोल-डीजल के बाद अब ब्याज दरें भी आपकी जेब ढीली करने वाली हैं। आरबीआई जून यानी अगले महीने से ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने की तैयारी कर रहा है। स्टैंडर्ड चार्टर्ड के अर्थशास्त्रियों ने बृहस्पतिवार को नोट में कहा, ईरान संकट के कारण कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से महंगाई ?पर बढ़ते जोखिम को देखते हुए आरबीआई जून से ही ब्याज दरें बढ़ाना शुरू कर सकता है। इसके बाद अगस्त में भी एक बढ़ोतरी होगी। अर्थशास्त्री अनुभूति सहाय और सौरभ आनंद ने कहा, वैश्विक बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और अन्य एशियाई केंद्रीय बैंकों के ब्याज दरें बढ़ाने से आरबीआई पर भी दबाव बढ़ रहा है।

दोनों अर्थशास्त्रियों ने कहा, मौजूदा हालात को देखते हुए आरबीआई रेपो दर में 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी कर सकता है, जिसे जून और अगस्त के बीच बराबर बांटा जाएगा।?हालांकि, अगर 3 जून से होने वाली आरबीआई की तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो दर में वृद्धि नहीं हुई, तो अगस्त में एक साथ 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी की जा सकती है। अगर ऐसा हुआ, तो आपके कार, होम और पर्सनल लोन की मासिक किस्त (ईएमआई) बढ़ जाएगी।

अर्थशास्त्रियों ने नोट में आगे कहा, अगर कमोडिटी की कीमतों पर लगातार दबाव और कमजोर रुपये की वजह से महंगाई उम्मीद से ज्यादा बढ़ती है, तो आरबीआई मार्च के आखिर तक रेपो दर में 25 से 50 आधार अंकों की और बढ़ोतरी कर सकता है।

### एलआईसी का मुनाफा 23 फीसदी बढ़कर 23,420 करोड़ रुपये पहुंचा

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में शुद्ध मुनाफा 23 फीसदी बढ़कर 23,420 करोड़ रुपये पहुंच गया। प्रीमियम आय 11,069 करोड़ से बढ़कर 12,970 करोड़ पहुंच गई। एलआईसी ने बृहस्पतिवार को कहा, उसकी नवीकरण प्रीमियम से आय 79,138 करोड़ से बढ़कर 81,933 करोड़ हो गई।?कंपनी के निदेशक मंडल ने प्रति शेयर 10 रुपये का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है।

### भारतीय कंपनियों का दूसरे देशों में निवेश दोगुना होकर 3.4 अरब डॉलर

भारतीय कंपनियों ने अप्रैल में दूसरे देशों में कुल करीब 3.40 अरब डॉलर का निवेश किया।?यह आंकड़ा मार्च के 1.61 अरब डॉलर की तुलना में दोगुना है।?अप्रैल, 2025 में भारतीय कंपनियों का दूसरे देशों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 1.96 अरब डॉलर रहा था। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, ईरान संघर्ष से उत्पन्न भू-राजनीतिक तनाव और रुपये में तेज गिरावट के बावजूद भारतीय कंपनियों के विदेशी निवेश में यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से कोफोर्ज के निवेश के कारण हुई। बीते माह शीर्ष पांच कंपनियों की हिस्सेदारी इक्विटी के जरिये कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 86 फीसदी रही। इसमें कोफोर्ज के दो निवेश सौदे शामिल हैं, जिनकी राशि क्रमशः 1.37 अरब डॉलर और 99.4 करोड़ डॉलर रही। कोफोर्ज के बाद ल्यूपिन का निवेश 22.9 करोड़ डॉलर, विंगिफाई सॉफ्टवेयर का 15.68 करोड़ डॉलर, नैक ग्लोबल का 8.29 करोड़ डॉलर और क्लार टेक्नोलॉजी इंडिया का 5.40 करोड़ डॉलर रहा। बॉन्ड और गारंटी सहित कुल वित्तीय प्रतिबद्धता 11 फीसदी बढ़ी।

## सोने की कीमतें और सीमा शुल्क बढ़ने का सबसे अधिक असर छोटे ज्वेलर्स पर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

सोने की ऊंची कीमतें और सीमा शुल्क को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने से सोने के आभूषणों की बिक्री एक दशक के नीचले स्तर पर तक पहुंच सकती है। जिसका सबसे अधिक असर छोटे और मध्यम आकार के ज्वेलर्स पर पड़ने की संभावना है।

सोने की ऊंची कीमतें और सीमा शुल्क को छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने से सोने के आभूषणों की बिक्री एक दशक के नीचले स्तर पर तक पहुंच सकती है। इससे संगठित ज्वेलर्स कंपनियों की बिक्री में गिरावट आएगी लेकिन इन कंपनियों का क्रेडिट प्रोफाइल स्थितर रहने की संभावना है। जबकि मध्यम और छोटे आकार के ज्वेलर्स को सबसे अधिक असर पड़ेगा, क्योंकि वे पहले से ही अधिक कीमतों से परेशान है और अब बिक्री कम होने की आशंकों में इनका मार्जिन और लाभ दोनो दबाव में हैं। कोठारी ब्रदर्स के महावीर कोठारी कहते हैं, इसमें सबसे अधिक असर छोटे और मध्यम आकार के क्षेत्रिय ज्वेलर्स को होगा । कई विक्रेताओं ने स्टॉक की खरीदारी को फिलहाल के लिए बंद कर दिया है। क्योंकि उनको फंडिंग की समस्या अभी से सता रही है। कई जगह पर विक्रेताओं ने जल्दबाजी में सोने की खरीदारी कर स्टॉक कर लिया है, जबकि बाजार में मांग कम हो गई है और बिक्री में गिरावट देखी जा रही है। वे कहते हैं, शादी ब्याज का सीजन अभी जून तक है, इसलिए कई बड़े आकार के ज्वेलर्स के पास भी खरीदारी बनी हुई है, लेकिन छोटे ज्वेलर्स के पास पुराने ऑर्डस है जिनकी वजह से खरीदारी है। लेकिन भविष्य में इन्वेंट्री सख्ती की वजह से चिंता सता रही है। बॉम्बे बुलियन एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता कहते हैं, छोटे ज्वेलर्स को सबसे अधिक प्रभावित होंगे क्योंकि उनके पास अधिक फंडिंग नहीं होती है। कई विक्रेता उतना ही स्टॉक करता है, जितना उसके ऑर्डर होते हैं। इससे पहले भी सोने और चांदी की अधिक कीमतें होने की वजह से बाजार में क्रेडिट नहीं था और अब सीमा शुल्क बढ़ने के साथ ही सोना नहीं खरीदने की अपील से छोटे विक्रेताओं का कारोबार बंद हो रहा है।

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत ने चीन को बड़ा झटका देते हुए

# आईटी सेक्टर से जुड़े मामले में चीन की मांग को किया ब्लॉक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत ने चीन को बड़ा झटका देते हुए सोलर और आईटी सेक्टर पर विवाद पैनल बनाने के अनुरोध को रोक दिया है। ड्रैगन के आरोपों पर भारत का कड़ा रुख और पूरी रणनीति समझने के लिए पढ़ें पूरी खबर।

भारत ने विश्व व्यापार संगठन में चीन के एक महत्वपूर्ण अनुरोध को ब्लॉक कर दिया है। यह अनुरोध सौर सेल, मॉड्यूल और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारत के समर्थन उपायों के खिलाफ था। चीन ने इन उपायों को भेदभावपूर्ण बताते हुए विवाद के समाधान लिए पैनल स्थापित करने की मांग की थी।

चीन ने दिसंबर 2025 में भारत के खिलाफ यह विवाद दायर किया था। द्विपक्षीय बातचीत विफल होने के बाद चीन ने इस महीने की शुरूआत में पैनल के गठन का अनुरोध किया। जिनेवा में 22 मई 2026 को हुई विश्व व्यापार संगठन की विवाद निपटान निकाय की बैठक में भारत ने चीन के पहले अनुरोध को रोक दिया। चीन का आरोप है कि भारत के टैरिफ और घरेलू उत्पादों के उपयोग जैसे उपाय चीनी वस्तुओं के खिलाफ भेदभाव करते हैं। बीजिंग ने दावा किया कि ये उपाय विश्व व्यापार संगठन के कई व्यापार नियमों का उल्लंघन करते हैं।




भारत ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उसके उपाय विश्व व्यापार संगठन के नियमों के पूरी तरह अनुरूप हैं। भारत ने यह भी कहा कि वैश्विक सौर मॉड्यूल मूल्य श्रृंखला के 80 फीसदी से अधिक को नियंत्रित करने वाले देश का अन्य देशों में उद्योग के विकास को बाधित करना विडंबनापूर्ण है। नियमों के अनुसार, चीन अगले विवाद निपटान निकाय की बैठक में अपना अनुरोध फिर से कर सकता है, जिसके बाद पैनल स्वतः स्थापित हो जाएगा।

### भारत के घरेलू विनिर्माण उपाय

भारत ने सौर क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें आयातित सौर सेल और मॉड्यूल पर शुल्क लगाना शामिल है। कुछ सरकारी परियोजनाओं में स्थानीय विनिर्मित सौर उपकरणों का उपयोग अनिवार्य किया गया है। घरेलू उत्पादकों से खरीद को प्रोत्साहित करने के लिए अनुमोदित मॉडल और निमार्ता सूची भी पेश की गई है। इस क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना भी शुरू की गई है।

### चीन के आरोप और भारत का रुख

चीन का आरोप है कि भारत के आयात शुल्क और प्रोत्साहन उपाय उसके निर्यात को प्रभावित करते हैं। विशेष रूप से उच्च-तकनीकी वस्तुओं और सौर ऊर्जा उत्पादों पर लगाए गए शुल्क। भारत का कहना है कि ये सभी उपाय उसके विश्व व्यापार संगठन की प्रतिबद्धताओं के अनुरूप हैं। चीन ने भारत के खिलाफ ऑटोमोटिव और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में भी एक अलग विवाद दायर किया है।

इंडिया पोस्ट और फ्लिपकार्ट ने

# दूर-दराज के इलाकों तक डिलीवरी के लिए मिलाया हाथ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

फ्लिपकार्ट और इंडिया पोस्ट ने अंतिम-मील पार्सल वितरण के लिए समझौता किया है। यह साझेदारी देश के शहरी, ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में ई-कॉमर्स सेवाओं को मजबूत करेगी, जिससे ग्राहकों को तेज और विश्वसनीय डिलीवरी मिलेगी।

ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फ्लिपकार्ट ने डाक विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया है। यह समझौता दूर-दराज के इलाकों में पार्सल वितरण को अधिक कुशल बनाने के उद्देश्य से किया गया है। इस साझेदारी से देश भर में ग्राहकों को बेहतर और विश्वसनीय वितरण सेवाएं मिलेंगी।

22 मई को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। फ्लिपकार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और संचार मंत्रालय के डाक विभाग के बीच यह करार हुआ है। इसके तहत डाक विभाग पूरे भारत में फ्लिपकार्ट के शिपमेंट के लिए अंतिम-मील वितरण सेवाएं प्रदान करेगा। फ्लिपकार्ट इंडिया पोस्ट के व्यापक नेटवर्क का उपयोग शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में करेगा। इसमें दूरदराज और कम सेवा वाले क्षेत्र भी शामिल होंगे। यह समझौता देश के तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स क्षेत्र के लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा। इसका लक्ष्य तेज डिलीवरी, बेहतर परिचालन समन्वय और निर्बाध प्रौद्योगिकी एकीकरण है, जिससे पार्सल की आवाजाही और वितरण में दक्षता आएगी। इस साझेदारी के तहत कई नई सेवाएं शामिल की जाएंगी। इनमें प्रीपेड और कैश-ऑन-डिलीवरी पार्सल का वितरण प्रमुख है। ओटीपी-आधारित वितरण प्रमाणीकरण भी उपलब्ध होगा, जिससे सुरक्षा बढ़ेगी। ग्राहक अपने शिपमेंट को वास्तविक समय में ट्रैक कर सकेंगे। यह ग्राहकों के लिए पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित करेगा। यह समझौता इंडिया पोस्ट के विशाल वितरण नेटवर्क का लाभ उठाएगा। फ्लिपकार्ट की भारत के ई-कॉमर्स क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति का भी उपयोग होगा। इसका उद्देश्य पूरे देश में ग्राहक-केंद्रित पार्सल वितरण समाधान प्रदान करना है।

## हिमाचल में 7 फुट बर्फ में टूरिस्ट की मस्ती, मई में स्नोफॉल इंजॉय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश में रोहतांग दर्रा खुलते ही बर्फ देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी है। पिछले 4 दिन में लगभग 25 हजार टूरिस्ट रोहतांग पहुंच गए हैं। सड़क के दोनों ओर 5 से 7 फुट ऊंची बर्फ की दीवार टूरिस्ट को रोमांचित कर रही है।

देश में जब भीषण गर्मी से लोग बेहाल है तो मई के आखिरी सप्ताह में भी टूरिस्ट हिमाचल में लाइव स्नोफॉल का मजा रहे हैं। रोहतांग के साथ बारालाचा और शिंकुला दर्रा में भी टूरिस्ट बर्फ इंजॉय कर रहे हैं। मगर ट्रैफिक जाम टूरिस्ट को परेशान कर रहा है।

### रोहतांग जाने के लिए 7 जरूरी बातें..

1. **परमिट के बगैर यात्रा की अनुमति नहीं:** एनजीटी के निदेर्शानुसार- रोहतांग जाने के लिए परमिट अनिवार्य है। हर दिन केवल 1200 वाहनों (800 पेट्रोल और 400 डीजल ) को ही अनुमति दी जाती है। बिना परमिट वाले वाहनों को गुलाबा से वापस भेज दिया जाता है। परमिट शुल्क 550 रुपए है और इसकी ऑनलाइन बुकिंग पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर करनी होती है।
2. **अपने साथ गर्म कपड़े लाना न भूले:** रोहतांग, बारालाचा और शिंकुला दर्रा जाने के इच्छुक टूरिस्ट गर्म कपड़े, दस्ताने और वाटरप्रूफ जूते अपने साथ रखें, क्योंकि यहां मौसम खराब होते ही तापमान जमाव बिंदू के आसपास चला जाता है और कभी भी बर्फबारी शुरू हो जाती है।
3. **अचानक रोहतांग न जाए:** रोहतांग घूमने वाले टूरिस्ट को पड़ाव में जाना चाहिए। देश के मैदानी राज्यों से सीधे रोहतांग पहुंचना खतरनाक साबित हो सकता है, क्योंकि अधिक ऊंचाई और स्नोफॉल के कारण यहां कई बार ऑक्सीजन कम होने से सांस लेने में दिक्कत आती है। इसलिए. एक दिन पहले मनाली पहुंचे और यहां स्टे करने के दूसरे दिन रोहतांग जाए। बुजुर्ग और छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु ने कहा था- गिरा देंगे

# कोलकाता में ममता बनर्जी की डिजाइन की गई मूर्ति तोड़ी, 9 साल पहले फीफा अंडर-17 वर्ल्डकप से पहले लगाई गई थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता






तोड़े जाने के बाद मूर्ति के पैरों का हिस्सा बाकी था, इससे ममता बनर्जी का नाम भी हटा दिया गया था।

सॉल्ट लेक

बंगाल सरकार ने शनिवार को कोलकाता में सॉल्ट लेक स्टेडियम के बाहर लगी मूर्ति को तुड़वा दिया। इसे पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने डिजाइन किया था। 2017 में पश्चिम बंगाल में आयोजित हुए फीफा अंडर-17 वर्ल्ड कप से पहले लगाया गया था। तब सॉल्ट लेक स्टेडियम को अपग्रेड करने पर 100 करोड़ खर्च हुए थे। स्टेडियम के VVIP गेट के सामने लगी इस मूर्ति में फुटबॉल बूट पहने हुए खिलाड़ी के 2 पैरों पर फुटबॉल बने हुए थे। मूर्ति में कमर के ऊपर भी फुटबॉल बनी हुई थी।

मूर्ति पर टीएमसी सरकार का ब्रांडिंग स्लोगन बिश्वा बांग्ला लिखा हुआ था। नीचे लिखा हुआ था- कॉन्सेप्ट एंड डिजाइन बाय ममता बनर्जी। यह मूर्ति स्थापना के समय से ही विवादों में रही थी। भाजपा इसका विरोध कर रही थी। सीएम शुभेंदु अधिकारी ने शपथ ग्रहण के अगले दिन कहा था- हम इस मूर्ति को गिरा देंगे। पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री निसिथ प्रमाणिक ने 17 मई को कहा था कि इस बदसूरत और बेमतलब ढांचे का स्टेडियम की खूबसूरती के साथ कोई मेल नहीं है।

मंत्री के बयान के 5 दिन बाद, यानी शनिवार सुबह जब लोग स्टेडियम के वीवीआईपी गेट के पास पहुंचे, तो मूर्ति का टूटा हुआ हिस्सा जमीन पर गिरा था। मूर्ति गिराने के लेकर पश्चिम बंगाल खेल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग से चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया।

अब इसकी जगह किसी प्रसिद्ध फुटबॉलर की मूर्ति लगाने पर चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा, हम ऐसा प्रतीक चाहते हैं, जो बंगाल की फुटबॉल विरासत को सही मायनों में दिखाए और युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करे।

### विपक्ष ने मजाक उड़ाया, सरकार ने बताया- स्पोर्ट्स आइडेंटिटी

2017 में फीफा अंडर-17 वर्ल्ड कप से पहले सॉल्ट लेक स्टेडियम के रिनोवेशन के समय इस मूर्ति को स्टेडियम के गेट के पास लगाया गया था। समें फुटबॉल खिलाड़ी के पैर बिश्वा बांग्ला लोगो में मिलते दिखाए गए थे और फुटबॉल पर जयी लिखा था। बांग्ला में जयी का मतलब विजेता होता है

तब बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद इस प्रोजेक्ट की मॉनिटरिंग कर रही थीं। उन्होंने ही फुटबॉल और खिलाड़ी के पैरों को मिलाकर इसका डिजाइन तैयार किया था। मूर्ति लगने के बाद विपक्ष ने इसके डिजाइन का मजाक उड़ाया था। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने इसे अजीब और बेढंगा बताया था, लेकिन सरकार ने इसे बंगाल की स्पोर्ट्स आइडेंटिटी कहा था।

भाजपा नेताओं का आरोप था बिश्वा बांगला को सरकारी ब्रांड से ज्यादा TMC की राजनीतिक ब्रांडिंग की तरह इस्तेमाल किया गया।

सरकारी कार्यक्रमों, होर्डिंग्स और प्रोजेक्ट्स पर इस लोगो के जरिए पार्टी और TMC के टॉप कैडर की छवि बनाई गई। हालांकि राज्य सरकार ने बिश्वा बांग्ला को हैंडलूम, हस्तशिल्प, पर्यटन और फूड प्रोडक्ट्स का ब्रांड बनाया था।

### दावा- ममता सरकार ने लोगो और ट्रेडमार्क भतीजे अभिषेक से लिया

भाजपा ने साल 2018 में आरोप लगाया था कि बिस्वा बांग्ला का लोगो और ट्रेडमार्क ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी के नाम पर रजिस्टर्ड था। पार्टी ने कहा कि अभिषेक ने 2013 में लोगो और ट्रेडमार्क के लिए अभिषेक बनर्जी के नाम पर ही आवेदन किया गया था। विवाद बढ़ा तो TMC ने कहा था कि यह तकनीकी प्रक्रिया का हिस्सा था और ट्रेडमार्क राज्य सरकार को ट्रांसफर कर दिया गया गया था।

मेसी ने 13 दिसंबर 2025 को स्टेडियम में अपनी 70 फीट ऊंची मूर्ति का उद्घाटन किया था। लियोनेल मेसी ने 13 दिसंबर 2025 को कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में अपनी 70 फीट ऊंची मूर्ति का उद्घाटन किया था। मेसी अपने साथी खिलाड़ियों लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल के साथ पहुंचे थे।

मेसी स्टेडियम में सिर्फ कुछ मिनट ही रहे और भारी सुरक्षा के बीच लौट गए। इससे फैंस नाराज हो गए। गुस्से में कुछ फैंस ने कुर्सियां फेंकीं और मैदान में घुस गए थे।

सॉल्ट लेक स्टेडियम में मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच 13 जुलाई 1997 को मैच देखने के लिए 1 लाख 31 हजार 781 दर्शक पहुंचे थे। स्टेडियम में मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच 13 जुलाई 1997 को मैच देखने के लिए 1 लाख 31 हजार 781 दर्शक पहुंचे थे। सॉल्ट लेक स्टेडियम का आधिकारिक नाम विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन है। यह भारत के सबसे बड़े फुटबॉल स्टेडियमों में शामिल है।

मुंबई में भोपाल-इंदौर की जरूरत से ज्यादा पानी बर्बाद; इंदौर में 65% पानी लीकेज

# बड़े शहरों में 25-60% तक की पानी बबार्दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



देश के लगभग सभी बड़े शहरों में 25-60% तक पानी बर्बाद हो रहा है। या तो पेयजल लाइनों में बड़े लीकेज हैं या फिर पाइपलाइन में अवैध कनेक्शन जोड़ लिए गए हैं। हालात ये हैं कि मुंबई को रोज लगभग 3,850 एमएलडी (मिलियन लीटर रोज) पानी सप्लाई होता है। इसमें से करीब 30% लीकेज माना जाता है। रोज लगभग 1000 एमलडी पानी पाइपलाइन लीकेज व अन्य तरह से बेकार जा रहा है। ये बर्बाद पानी इंदौर-भोपाल की कुल रोजाना जरूरत से भी ज्यादा है। इन दोनों शहरों को रोज 900 एमएलडी ही पानी चाहिए।

स्मार्ट सिटी और अमृत 2.0 जैसी परियोजनाओं के तहत 2016 में शहरी निकायों ने सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजिशन (एससीएडीए) प्रोजेक्ट शुरू किया था। इसके तहत लीकेज और चोरी वाले नॉन रिवेन्यू वाटर (एनआरडब्ल्यू) को घटाकर 20% पर लाने का लक्ष्य था।

इस प्रोजेक्ट के तहत पिछले 10 साल में करीब 1.5 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं, फिर भी हालात नहीं बदले। भोपाल-इंदौर जैसे शहरों में पानी का लीकेज 35%-65% तक है। भोपाल ने तो 2021 तक ही पेयजल लीकेज 16% करने का दावा किया था। लेकिन कैग रिपोर्ट 2019 के मुताबिक भोपाल में वाटर लीकेज 48% है। इंदौर में 65% तक है।

**पानी पर कहां-कितना खर्च?-** इंदौर में जलूद से नर्मदा जल 70 किमी दूर शहर तक लाने और इसे 600 मीटर की ऊंचाई तक पंप करने पर प्रति हजार लीटर 29 रु. खर्च आता है। इसमें हर माह बिजली बिल ही 25 करोड़ का है। 65% पानी की बबार्दी के हिसाब से 15 करोड़ का नुकसान हो रहा है। मुंबई में 16,092 करोड़ खर्च करके जो पानी पहुंचाया जा रहा है, उसमें से करीब 4,500 करोड़ लीकेज और चोरी के कारण बर्बाद हो रहा है।

### शहरों में पानी की बबार्दी के 5 बड़े कारण

पाइपलाइनों में टूट-फूटः शहरों में बिछी पाइपलाइनें पुरानी हो चुकी हैं। उनमें हजारों लीकेज हैं। उदाहरण के लिए, भोपाल नगर निगम पर आई सुरक्षा ऑडिट में जल आपूर्ति नेटवर्क में 15,000 से ज्यादा लीकेज पॉइंट पाए गए।

अवैध कनेक्शनः निकायों की बिना अनुमति के अवैध कनेक्शन जोड़े गए, जिससे पानी की भारी चोरी होती है।

जानकारी न होनाः निकायों के पास अपने जल वितरण नेटवर्क का कोई सटीक डेटा या मैप नहीं है, जिससे उन्हें पता ही नहीं चलता है कि पानी कहां गायब हो रहा है।

अंडरग्राउंड निगरानी नहींः पानी और सीवरेज दोनों की पाइपलाइनें जमीन के नीचे समानांतर बिछी हैं। इंजीनियर्स के लिए पहचानना बेहद मुश्किल होता है कि कौन सी पाइपलाइन किस चीज की है और लीकेज कहां पर है।

मीटरिंग की कमीः कई शहरों में आज भी फ्लैट-रेट (बिना मीटर) पर पानी की सप्लाई होती है। स्मार्ट वाटर मीटर न होने से लोगों के घरों में ओवरफ्लो या लीकेज से होने वाली पानी की बबार्दी का न तो पता चलता है और न ही उन पर किसी तरह का वित्तीय जुमार्ना लग पाता है।

वाटर प्रोग्राम सीएसई की डॉयरेक्टर सुब्रता चक्रवर्ती के मुताबिक देश में लगभग पांच हजार शहरी निकाय हैं, जहां लीकेज रोकने के लिए इस तरह के उपाय करना बेहद जरूरी है।

एआई सेंसिंगः सेंसर और एआई से अंडरग्राउंड लीकेज का तुरंत पता लगाना।

जीआईएस मैपिंगः डिजिटल ट्विन तकनीक से पूरे वॉटर नेटवर्क की लाइव ट्रैकिंग।

प्रेशर मैनेजमेंटः ऑटोमैटिक वाल्व से पानी का दबाव नियंत्रित कर पाइप फटना रोकना।

कलर कोडिंगः पानी और सीवर लाइनों की अलग रंग से पहचान सुनिश्चित करना।

## रिपोर्ट- ईरान अपना एनरिच्ड यूरेनियम छोड़ने को तैयार:

# कैसे और कहां भेजा जाएगा तय नहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प बोले- दोबारा जंग होने के 50-50 चांस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

ईरान जंग खत्म करने के लिए अपना हाईली एनरिच्ड यूरेनियम भंडार छोड़ने को तैयार हो गया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, ईरान ने अमेरिका से कहा है कि वह यूरेनियम को हटाने पर सहमत है। हालांकि अभी यह तय नहीं हुआ है कि इसे कैसे और कहां भेजा जाएगा। इस पर आगे बातचीत होगी। ईरान के पास इस समय 400 किलो से ज्यादा ऐसा यूरेनियम है, जिसे और ज्यादा तैयार (एनरिच्ड) करके परमाणु हथियार बनाने में इस्तेमाल किया जा सकता है।

न्यूज एजेंसी एक्सियोस को दिए फोन इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ समझौता होने की संभावना होने के 50-50 चांस हैं। उन्होंने कहा कि या तो एक 'अच्छा समझौता' होगा या फिर अमेरिका ईरान पर बेहद कड़ा हमला कर सकता है। अमेरिका ईमानदार नहीं- ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने आसिम मुनीर से मुलाकात में कहा कि अमेरिका ईमानदारी नहीं दिखा रहा, ईरान अपने अधिकारों पर समझौता नहीं करेगा। ईरान वार्ता में इजराइल की भूमिका घटी- न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प सरकार ने ईरान वार्ता में इजराइल की भूमिका सीमित कर दी, जिससे प्रधानमंत्री नेतन्याहू को बड़ा राजनीतिक झटका लगा।

ट्रम्प की बेटी को हत्या की धमकी- ऋइक ने इवांका ट्रम्प को कथित हत्या की धमकी देने वाले इराकी नागरिक मोहम्मद बाकेर साद दाऊद अल-सादी को गिरफ्तार किया है।

अमेरिका बढ़ा-चढ़ा बात कर रहा- रूसी अधिकारी मिखाइल उल्यानोव ने कहा कि अमेरिका ईरान वार्ता का डेवलपमेंट बढ़ा-




चढ़ाकर पेश कर रहा, जबकि असली हालात उतने सकारात्मक नहीं हैं। भारत में पेट्रोल-डीजल फिर महंगा- मिडिल ईस्ट संकट और क्रूड ऑयल महंगा होने से भारत में पेट्रोल-डीजल कीमतें फिर बढ़ीं, दिल्ली में पेट्रोल 99.51 और डीजल 92.49 पहुंचा।

### ट्रम्प बोले- आज तय करूंगा, हमला करूं या नहीं

ट्रम्प ने कहा है कि अपने टॉप सलाहकारों के साथ बैठक और ईरान के नए प्रस्ताव की समीक्षा करूंगा। इसके बाद रविवार तक यह फैसला लिया जा सकता है कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई दोबारा शुरू करनी है या नहीं। ट्रम्प ने बताया कि बैठक में उनके दूत स्टीव विटकॉफ, सलाहकार जैरेड कुशनर और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी शामिल होंगे। इसमें ईरान की ताजा प्रतिक्रिया और आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। इससे पहले शनिवार को अमेरिका और ईरान के अधिकारियों ने संकेत दिए थे कि युद्ध खत्म करने को लेकर किसी शुरूआती समझौते की संभावना बन सकती है। यह संकेत कतर और पाकिस्तान की मध्यस्थता में तेहरान में हुई बातचीत के बाद सामने आया।

### पाकिस्तानी पीएम ने ट्रम्प की तारीफ की

पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने ट्रम्प की शांति कोशिशों की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने क्षेत्र में शांति कायम करने के लिए असाधारण प्रयास किए हैं।

शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया पर बताया कि ट्रम्प ने सऊदी अरब, कतर, तुर्किये, मिस्त्र, यूएई, जॉर्डन और पाकिस्तान के नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण फोन कॉल की।

उन्होंने कहा कि इस बातचीत में पाकिस्तान की ओर से सेना प्रमुख आसिम मुनीर शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पूरी ईमानदारी के साथ शांति की कोशिशें जारी रखेगा और उम्मीद है कि अगली दौर की वार्ता जल्द पाकिस्तान में हो सकती है।

### रिपोर्ट- ईरान अपना हाईली एनरिच्ड यूरेनियम छोड़ने के लिए तैयार

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, ईरान युद्ध खत्म करने के लिए अपना हाईली एनरिच्ड यूरेनियम भंडार छोड़ने को तैयार हो गया है। ईरान ने अमेरिका से कहा है कि वह अपने पास जमा इस यूरेनियम को हटाने पर सहमत है। हालांकि अभी यह तय नहीं हुआ है कि इसे कैसे और कहां भेजा जाएगा। इस पर आगे बातचीत होगी।

ईरान के पास इस समय 400 किलो से ज्यादा ऐसा यूरेनियम है, जिसे और ज्यादा तैयार करके परमाणु हथियार बनाने में इस्तेमाल किया जा सकता है।

इजराइल का कहना है कि यह मात्रा करीब 11 परमाणु बम बनाने के लिए काफी हो सकती है। इसी वजह से इजराइल लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम का विरोध करता रहा है।

कुछ दिन पहले खबर आई थी कि ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने आदेश दिया था कि यह यूरेनियम देश से बाहर नहीं भेजा जाएगा। लेकिन अब नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान समझौते के तहत इसे छोड़ने के लिए तैयार हो सकता है।

## अमेरिका- कैलिफोर्निया में डिज्नीलैंड के पास केमिकल टैंक लीक

# जहरीली गैस-टैंक फटने का खतरा; 40 हजार लोगों ने घर छोड़ा, स्कूल बंद, शेल्टर फुल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कैलिफोर्निया

अमेरिका के कैलिफोर्निया में केमिकल टैंक लीक हो गया। डिज्नीलैंड थीम पार्क से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित एयरोस्पेस फैक्ट्री में रखा केमिकल टैंक शुक्रवार को ओवरहीट हो गया। इसके बाद आसपास के करीब 40 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। कई स्कूल बंद कर दिए गए हैं और राहत शिविर खोले गए हैं, जो कि अब भर चुके हैं।

कैलिफोर्निया के ऑरेंज काउंटी स्थित गार्डन ग्रोव शहर की है। यहां जीकेएन एयरोस्पेस नाम की कंपनी में मिथाइल मेथाक्रिलेट नाम का रसायन रखने वाला प्रेशराइज्ड टैंक गर्म हो गया और उससे जहरीली गैस निकलने लगी। ऑरेंज काउंटी फायर अथॉरिटी के अधिकारियों के मुताबिक टैंक फट सकता है या उसमें दरार आ सकती है, जिससे जहरीला केमिकल जमीन पर फैल सकता है।

### टैंक में प्लास्टिक बनाने वाला केमिकल

अधिकारियों के मुताबिक टैंक में करीब 22,700 से 26,500 लीटर प्लास्टिक बनाने वाला खतरनाक केमिकल मिथाइल मेथाक्रिलेट भरा है। फायर अधिकारियों ने कहा कि हालात गंभीर हैं और टैंक को फटने से रोकने की कोशिश जारी है। लोगों से अफवाहों और गैरजरूरी कॉल से बचने की अपील की गई है। शुरूआत में सिर्फ गार्डन ग्रोव के लोगों को घर खाली करने का आदेश दिया गया था, लेकिन बाद में खतरा बढ़ने पर ऑरेंज काउंटी के पांच अन्य शहरों साइप्रस, स्टैंटन, अनाहिम, बुएना पार्क और वेस्टमिंस्टर के कुछ इलाकों से भी लोगों को सुरक्षित जगह भेजा गया।

हालांकि डिज्नीलैंड के दोनों थीम पार्क फिलहाल इवैक्यूएशन जोन में शामिल नहीं हैं। प्रशासन ने तीन हाई स्कूलों समेत कई जगहों पर शेल्टर होम बनाए हैं, जहां लोगों को अस्थायी रूप से रखा गया है। अधिकारियों के मुताबिक अब तक इस घटना में किसी के घायल होने या मौत की खबर नहीं है। कंपनी ने बयान जारी कर कहा है कि वह इमरजेंसी सेवाओं और विशेषज्ञ टीमों के साथ मिलकर स्थानीय लोगों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटी हुई है।

### टैंक को ठंडा करने की कोशिश जारी

फायर टीम ड्रोन की मदद से लगातार टैंक के तापमान पर नजर रख रही है। अधिकारियों ने बताया कि खराब हुए दो टैंकों में से एक को ठीक कर लिया गया है, लेकिन दूसरा टैंक अब भी सबसे बड़े खतरे की स्थिति में है।

# 15 हजार भारतीयों की छंटनी, नई जॉब नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका में 15 हजार भारतीय टेक कर्मियों की नौकरी जाने के बाद उनके सामने संकट खड़ा हो गया है। अब उनपर डिपोर्टेशन का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल, ये सभी एच-1बी वीजा पर अमेरिका गए थे, लेकिन छंटनी के बाद इनके पास नई नौकरी ढूंढने व वीजा स्टेटस बचाने के लिए सीमित समय बचा है।

नियमों के तहत नौकरी जाने के बाद इन्हें 60 दिनों में नई नौकरी खोजनी होगी। इस दौरान नया एम्प्लॉयर या स्पॉन्सर नहीं मिला, तो अमेरिका छोड़ना पड़ेगा। बीते दिनों मेटा, अमेजन और ओरेकल जैसी बड़ी टेक कंपनियों में करीब 50 हजार लोगों की छंटनी और रिस्ट्रक्चरिंग हुई है। इनमें 15 हजार से ज्यादा भारतीय है। पहले नौकरी जाने पर टेक कर्मियों को जल्दी नया मौका मिलता था, पर अब इंटरव्यू लंबा खिंच रहा है। कंपनियां वीजा स्पॉन्सर करने से बच रही हैं और ट्रम्प की नई नीतियों के चलते उनके पास वीजा कोटा भी कम है। ट्रम्प प्रशासन की सख्त इमिग्रेशन नीति ने भी डर को बढ़ाया है। छोटी गलती, दस्तावेजों की कमी या वीजा नियमों में चूक भी खतरा बन रही है। अब नौकरी जाने पर उसी सेक्टर और उसी स्तर व सैलरी ब्रैकेट की नौकरी मिलनी चाहिए।




# व्हाइट हाउस के पास फायरिंग, ट्रम्प अंदर मौजूद थे, सुरक्षाबलों ने संदिग्ध को गोली मारी, मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका के वॉशिंगटन में शनिवार को एक संदिग्ध शख्स ने व्हाइट हाउस के पास करीब 30 राउंड फायरिंग की। घटना के समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व्हाइट हाउस के अंदर मौजूद थे। रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस के संदिग्ध हमलावर ने सिक्योरिटी चेकपॉइंट पर गोलियां चलाईं, जहां पर सीक्रेट सर्विस के अधिकारी तैनात थे। अफसरों की जवाबी कार्रवाई में हमलावर को गोली लगी। हॉस्पिटल ले जाने पर उसकी मौत हो गई।

इस गोलीबारी में एक आम नागरिक भी गोली लगने से घायल हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि अभी यह साफ नहीं है कि उसे हमलावर की गोली लगी या जवाबी फायरिंग के दौरान चोट पहुंची। घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है।





इस घटना से कुछ दिन पहले ही राष्ट्रपति ट्रम्प की बेटी को भी हत्या की धमकी मिली थी। इस मामले में एक इराकी युवक को गिरफ्तार किया गया था। वह ईरानी सेना से जुड़ा हुआ था। आरोपी के पास इवांका और उनके पति जैरेड कुशनर के फ्लोरिडा स्थित घर का ब्लूप्रिंट यानी नक्शा भी मिला था। गोलीबारी के बाद व्हाइट हाउस परिसर में अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद पत्रकारों और स्टाफ को तुरंत सुरक्षित जगहों पर ले जाया गया। सीक्रेट सर्विस एजेंट्स हथियारों के साथ पूरे इलाके में तैनात हो गए और करीब 40 मिनट तक लॉकडाउन जैसी स्थिति रही। सीक्रेट सर्विस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने इलाके को घेर लिया और जांच शुरू कर दी। व्हाइट हाउस कॉम्प्लेक्स के नॉर्थ लॉन को खाली करा दिया गया है। डायरेक्टर काश पटेल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सुरक्षा एजेंसियां फायरिंग की खबर पर कार्रवाई कर रही हैं।


### दावा- अमेरिका-ईरान होर्मुज खोलने के लिए तैयार

अमेरिका और ईरान होर्मुज को खोलने के लिए तैयार हो गए हैं। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देश सबसे पहले सीजफायर को 60 दिन के लिए और आगे बढ़ाएंगे। इस दौरान होर्मुज को धीरे-धीरे खोला जा सकता है। ऋळ ने यह जानकारी मध्यस्थों और बातचीत से जुड़े लोगों के हवाले से दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक दोनों के बीच एनरिच्ड यूरेनियम भंडार को लेकर भी बातचीत शुरू होने की संभावना है। इसके साथ ही ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर आगे की बातचीत के लिए बुनियादी ढांचा भी तैयार किया जाएगा। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल व्यापार मार्गों में से एक माना जाता है। यहां तनाव बढ़ने से वैश्विक तेल बाजार, शिपिंग और सप्लाई चेन पर बड़ा असर पड़ा था। ऐसे में अगर स्ट्रेट फिर सामान्य रूप से खुलता है तो इससे अंतरराष्ट्रीय बाजारों को राहत मिल सकती है। वहीं, ईरान का अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम भंडार लंबे समय से अमेरिका और पश्चिमी देशों की सबसे बड़ी चिंता रहा है। अमेरिका का आरोप है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की क्षमता के करीब पहुंच रहा है, जबकि तेहरान लगातार कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम सिर्फ नागरिक और ऊर्जा जरूरतों के लिए है।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## वर्ग पहेली



### बाएं से दाएं

1. कथा, गाथा-3
3. भगौना-3
5. पुष्पहार-2
6. वायदा, कसम-2
8. अभिष्ट इच्छापूर्ति, वर-4
11. योग्य, उपयुक्त-3
13. चिंतन, सोच-विचार-3
14. ताश का एक खेल-2
15. संजय दत्त की पहली फिल्म-2
16. चेहरा, शक्ल-3
18. चाकू, खंजर-3
20. उकसाना, चकमा देना-4
23. लक्ष, सौ हजार-2
25. ईश्वर, भगवान-2
26. विदा, गमन-3
27. लेखनी, पेन-3

### ऊपर से नीचे

1. हुनर, फन-2
2. शांति, वीराना-3
3. चिलमन, ओट, घूंघट-3
4. ज्वालामुखी से निकला गर्म पदार्थ-2
5. माजरा, मुद्दा-3
7. आंगन, बरामदा-3
9. भागना (अंग्रेजी-2)
10. चटपटा, क्षारीय-4
12. कारनामा, करिश्मा-4
16. अच्छे सुर का ज्ञाता-3
17. मालिक, स्वामी-2
19. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
21. बेदखल करना-3
22. फिज़ूल, व्यर्थ-2
24. गधा, गर्दभ-2
25. एक प्रकार की विदेश शराब-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 30 | | 50 | | 20 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 4 | | 45 | | 20 | = | 30 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 20 | | 2 | | 2 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 1 | | 20 | | 10 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 40 | | 14 | | 27 | | 20 | = | 40 / 33 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | व | र | सु | दे | ता | कृ | प | ला | मी | इ |
| न | सुं | क | ज | इं | झे | ने | ह | लि | म | श्त |
| अ | ध | आ | ज | य | ल | लि | ता | ह | प | उ |
| डु | रा | ल | मा | ज | ल | स | रा | ह | इ | मा |
| व | रा | य | ड्डी | दे | वी | क | र | क | से | भा |
| द | जे | कि | र | क | दा | का | को | ड | क | र |
| शी | मा | दे | श | व | था | र | त | म | क | ती |
| ला | दे | श | शि | न | प | य | रा | घु | व | ला |
| टी | हि | ल | क | ले | दा | र | जा | या | वी | दे |
| भि | ज | ति | ला | हि | द | ह | मा | द | ल | र |
| त | र | सु | प | मा | ख | रा | ज | त | र | म |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | 7 | |
| 4 | 33 | 4 | 40 | 7 | 31 | 2 |
| | 2 | | 3 | 5 | | |
| 1 | 29 | 3 | 37 | 6 | 35 | 5 |
| | | 7 | 4 | | 5 | |
| 6 | 30 | 2 | 24 | 1 | 30 | 3 |
| | 6 | | 4 | | | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# कॉकरोच जनता पार्टी का दावा- वेबसाइट बंद, इंस्टाग्राम हैक

# फाउंडर बोले- सरकार तानाशाह, आंदोलन नहीं रोक सकती



कॉकरोच जनता पार्टी ने शनिवार को सरकार पर इंस्टाग्राम अकाउंट हैक करने और वेबसाइट बंद करने का आरोप लगाया। पार्टी ने सुबह 8.25 बजे पोस्ट में बताया कि उखढ का इंस्टाग्राम अकाउंट एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं। इसके बाद पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने दोपहर 1.14 बजे पर कहा- सरकार ने हमारी वेबसाइट बंद कर दी है। उस पर 10 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 6 लाख लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग वाली याचिका पर साइन किए थे। मेरा पर्सनल अकाउंट भी हैक कर लिया गया है। अभिजीत ने लिखा- सरकार कॉकरोच से इतनी डरी हुई क्यों है? लेकिन यह तानाशाही रवैया भारत के युवाओं की आंखें खोल रहा है। आप अकाउंट को हैक करके उन पर रोक लगा सकते हैं, लेकिन आप इस आंदोलन को हैक नहीं कर सकते। इधर, पर्यावरणविद और शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने ह्यकॉकरोच मूवमेंटह्न का समर्थन किया है। उन्होंने न्यूज एजेंसी से कहा- मैं न बेरोजगार हूं, न आलसी, इसलिए पार्टी का सदस्य नहीं बन सकता।

# सोनम वांगचुक ने कहा- मैं भी कॉकरोच

## 8 दिन में CJP के इंस्टाग्राम पर 2 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स

सोशल मीडिया पर CJP के अकाउंट बनने के बाद 8 दिनों के दौरान इंस्टाग्राम पर दोपहर 2 बजे तक 2 करोड़ 20 लाख फॉलोअर्स हो चुके हैं। पर पहला अकाउंट ब्लॉक हो गया था। 21 मई को नया अकाउंट बना और उस पर भी फॉलोअर्स की संख्या 2 लाख पार हो चुकी है। CJP के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शुक्रवार को दावा किया था कि उन्हें वॉट्सएप पर जान से मारने की धमकियां मिली हैं।

## 22 मईः ऑनलाइन पिटीशन जारी की, धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा मांगा

CJP के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शुक्रवार को दावा किया था कि उन्हें वॉट्सएप पर जान से मारने की धमकियां मिली हैं। उन्होंने स्क्रीन शॉट भी शेयर किए हैं। इसके अलावा दीपके कल पहली ऑनलाइन पिटीशन लेकर आए। इसमें उन्होंने ठएएळ पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा मांगा। शनिवार सुबह 10 बजे तक ऑनलाइन पिटीशन में 5 लाख 68 हजार से ज्यादा लोग साइन कर चुके हैं।

अभिजीत दीपके ने बताया कि उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने स्क्रीन शॉट भी शेयर किए हैं। इसके अलावा दीपके कल पहली ऑनलाइन पिटीशन लेकर आए।

कॉकरोच जनता पार्टी नाम के अधिकार पाने के लिए तीन अलग-अलग ट्रेडमार्क आवेदन दाखिल हुए हैं। ट्रेडमार्क रजिस्ट्री पोर्टल पर दाखिल आवेदनों में राजनीतिक और सामाजिक सेवाएं देने वाली श्रेणी के तहत ट्रेडमार्क रजिस्ट्रेशन मांगा गया है। ये आवेदन अजीम आदमभाई जम, अखंड स्वरूप और कॉकरोच जनता पार्टी नाम की एक प्रोपराइटरशिप फर्म की ओर से दाखिल किए गए हैं। अभिजीत के पिता भगवान और मां अनीता दीपके ने कहा- आज का माहौल देखकर डर लगना स्वाभाविक है। चाहे उसके कितने भी फॉलोअर्स क्यों न हों। उसने खुद भी भारत लौटने पर गिफ्तार होने का डर जाहिर किया है।

## 20 मईः CJP देश में चर्चा का बड़ा मुद्दा बना

20 मई रात की तक इंस्टाग्राम पर CJP के 66 लाख+ फॉलोअर्स हुए। उखढ आम जनता के बीच भी चर्चा का मुद्दा बनने लगा।

CJP के इंस्टाग्राम के फॉलोअर्स में बढ़ते रहे। सोशल मीडिया पर उखढ ट्रेंडिंग टॉपिक बन गया। इसके फॉलोअर्स दूसरे राजनीतिक दलों के डिजिटल फॉलोअर बेस से ज्यादा हुए।

CJP राष्ट्रीय स्तर पर वायरल चर्चा का हिस्सा बनने लगा। बेरोजगारी, पेपर लीक, युवा असंतोष जैसे मुद्दों पर इसके पोस्ट तेजी से शेयर होने लगे। ऑनलाइन साइन-अप भी तेजी से बढ़ने लगे।

कई रिपोर्ट्स के मुताबिक पर शुरूआत के बाद अगले दिन कॉकरोच जनता पार्टी CJP ने इंस्टाग्राम हैंडल एक्टिव किया। सरकार के खिसाफ मीम, युवा मुद्दों वाले पोस्ट वायरल होने लगे। इसी दिन से फॉलोअर्स में तेज उछाल शुरू हुआ, लेकिन कोई सरकारी कार्रवाई या विवाद नहीं हुआ।

अभिजीत दीपके ने पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ कॉकरोच जनता पार्टी लॉन्च की। वहीं CJP ने अपने बयान पर विवाद बढ़ने पर सफाई दी।




**BJP और कांग्रेस ने 2014 में इंस्टाग्राम अकाउंट बनाए। 12 साल में बीजेपी के 88 लाख और कांग्रेस के 1.3 करोड़ फॉलोअर्स हुए हैं। लेकिन महज 5 दिन पहले बनी कॉकरोच जनता पार्टी, यानी उखढ ने इन दोनों आंकड़ों को छोटा साबित कर दिया।**

## अभिजीत अमेरिका में पढ़ रहे, AAP में काम कर चुके


30 साल के अभिजीत दीपके महाराष्ट्र के संभाजी नगर के रहने वाले डिजिटल मीडिया स्ट्रैटजिस्ट हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिजीत ने पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई की है। फिलहाल वो अमेरिका की बोस्टन यूनिवर्सिटी में पब्लिक रिलेशन से मास्टर्स की पढ़ाई कर रहे हैं। अभिजीत 2020 से 2022 तक केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के सोशल मीडिया स्ट्रैटजिस्ट रहे हैं। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में अभिजीत अअढ के लिए वायरल मीम बेस्ड ऑनलाइन प्रचार का मटेरियल बनाते थे। एक इंटरव्यू में अभिजीत ने बताया कि उन्होंने निजी जिंदगी और आर्थिक स्थिरता के लिए अअढ छोड़कर बोस्टन यूनिवर्सिटी में अप्लाई किया था। एडमिशन मिल गया, तो वे अमेरिका शिफ्ट हो गए। अभिजीत किसान आंदोलन से लेकर महंगाई जैसे राजनीतिक मुद्दों पर अकाउंट पर केंद्र सरकार और पीएम पर निशाना साधते रहे हैं।





## कॉकरोच जनता पार्टी के 96% फॉलोअर्स इंडियन




### फॉलोअर्स की लोकेशन





### फॉलोअर्स का जेंडर




### फॉलोअर्स की उम्र

87.52% यूजर्स की उम्र 18 से 34 साल।

### 91.9% ऑथेंटिसिटी रेट






### कितने व्यूज मिल रहे

हर रील को औसतन **21 लाख+** लोग देख रहे हैं।

Note: ये आंकड़े प्रति 10 लाख फॉलोअर्स के आधार पर हैं।
Source: Click Analytics

■ वर्ष-12 अंक-200 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

कुत्र विधेयो यत्नः विद्याभ्यासे सदौषधे दाने।
अवधीरणा क्व कार्या खलपरयोषित्परधनेषु।।

**भावार्थ** : कहाँ प्रयास करें विद्या, पुण्य और दान में।
अनादर कहाँ दुष्टों में, परदेशी स्त्री और धनी।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 24 मई, 2026

**विद्यां ददाति विनयं विनयाद् याति पात्रताम्।**
**पात्रत्वात् धनमाप्नोति धनात् धर्मं ततः सुखम्।।**

**भावार्थ** : ज्ञान विनय देता है; विनय से पात्रता, पात्रता से धन,
धन से धर्म और धर्म से सुख की प्राप्ति होती है।

## सम्पादकीयम्

## तकनीकीदोषः परीक्षाकेन्द्रेषु

अनुमानपत्राणां आडम्बरेण-यत् सूचयति यत् वास्तविकप्रश्नाः लीक कृताः फलतः शङ्काः गभीराः भवितुम् आरब्धाः। मूलविषयः अस्ति यत् एनटीए-सम्बद्धानां अनुभवानां एतत् नकारात्मकं चक्रं पुनरावर्तनीयं घटना अभवत्। किं तस्मिन् कागदस्य लीकः, तकनीकीदोषः, परीक्षाकेन्द्रेषु प्रशासनिकः अराजकता, अथवा-यदि अन्यत् किमपि न-अनुग्रहचिह्नानां आवंटनं परितः विवादाः सन्ति वा, विवादाः निरन्तरं उद्भवन्ति। शिकायतां पर्वतः : नीट-यूजी परीक्षा पूर्वं केवलं वर्षद्वयात् पूर्वं, २०२४ तमे वर्षे विवादे उलझिता आसीत्। तस्मिन् अवसरे अनुग्रहचिह्नस्य विषये विवादः आरब्धः, अन्ततः कागदस्य लीकस्य आरोपः यावत् अभवत् तस्मिन् समये राष्ट्रव्यापिरूपेण विरोधाः अभवन्, अन्ततः सर्वोच्चन्यायालये एषः विषयः नीतः। परन्तु राष्ट्रव्यापी पुनर्परीक्षायाः आग्रहः अन्ततः अङ्गीकृतः। तस्मिन् एव वर्षे यूजीसी-नेट् परीक्षायाः पुनः एकवारं अनियमिततायाः कारणात् रद्दः कर्तव्यः आसीत्। अस्मिन् वर्षे अपि सीयूईटी-यूजी इत्यस्य परीक्षाकेन्द्राणां विषये शिकायतां प्रकटितानि सन्ति। छात्राणां प्रति अन्यायः एतादृशानां घटनानां पुनरावर्तनीयत्वं न एनटीए-संस्थायाः विश्वसनीयतायै न च एतेषां परीक्षानां एव अखण्डतायै हानिकारकं भवति। कोटि-कोटि-छात्राणां भविष्यं एजन्सी-संस्थायाः कृते न्यस्तस्य उत्तरदायित्वस्य उपरि निर्भरं भवति।

### विधिविश्वविद्यालयस्य छात्रावासस्य अस्वच्छभोजनं परोक्ष्यते

# रायतायां काकरोचः प्राप्तः पाकशालायां भ्रमणं कुर्वन्



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

धर्मशास्त्रराष्ट्रीयविधिविश्वविद्यालये छात्रावासभोजनसम्बद्धः प्रमुखः विवादः उत्पन्नः। छात्रावासस्य निवासिनः छात्राः कोलाहलं जनयन्ति स्म, येन अव्यवस्थायां परोक्षितस्य भोजनस्य गुणवत्तायाः विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्पन्नाः। छात्राः आरोपयन्ति यत् तेभ्यः दूषितं अस्वच्छतापूर्णं च भोजनं निरन्तरं परोक्ष्यते स्म, तथापि अनेकशिकायतानां अभावेऽपि व्यवस्थासु कोऽपि सुधारः न कृतः। यदा छात्राः तेभ्यः परोक्षिते रैता (दधि-डुबकी) इत्यस्मिन् काकवृक्षः आविष्कृतवन्तः, तदा पाकशालायाः अन्तः एकः बिडालः भ्रमन् दृष्टः तदा स्थितिः अधिका अभवत् छात्राः एतेषां घटनानां छायाचित्रं, भिडियो च गृहीत्वा प्रशासनं, सम्बन्धितविभागं च प्रेषितवन्तः; तदनन्तरं खाद्यसुरक्षाविभागस्य एकः दलः निरीक्षणं कर्तुं विश्वविद्यालयम् आगतः।

शुक्रवासरे कृते निरीक्षणे छात्राणां शिकायतां प्रमाणीकृतम्। यदा खाद्यसुरक्षाविभागस्य अधिकारिणः अव्यवस्थायाः, पाकशालायाः च निरीक्षणं कृतवन्तः तदा तेषां कृते मलिनतायाः, अस्वच्छतायाः च भयानकस्तरः अभवत्। निरीक्षणकाले प्रक्षालनक्षेत्रम् अत्यन्तं अस्वच्छं ज्ञातम्, यत्र अन्नसामग्रीः स्थापिताः आसन् तस्मिन् भण्डारकक्षे अपि पर्याप्तस्वच्छताव्यवस्थायाः अभावः आसीत् खाद्य सुरक्षास्वच्छतासम्बद्धविनियमानाम् सम्यक पालनम् न क्रियते इति अधिकारिणः अवलोकितवन्तः। अन्वेषणस्य अनन्तरं विभागेन गडबडसञ्चालकस्य विरुद्धं प्रकरणस्य पञ्जीकरणस्य कार्यवाही आरब्धा अस्ति।

समाचारानुसारं विश्वविद्यालयस्य छात्रावासस्य मध्ये प्रायः ६०० छात्राः निवसन्ति, तेषां भोजनं च परिसरस्य अन्तः गडबडद्वारा प्रदत्तं भवति। छात्राः कथयन्ति यत् ते कतिपयान् मासान् यावत् भोजनस्य गुणवत्तायाः विषये निरन्तरं शिकायतां कुर्वन्ति स्म। दुर्गन्धयुक्तं भोजनं, अल्पपक्वं भोजनं, दग्धं रोटिकां च सेव्यते इति विषये अनेकानि शिकायतां प्रसङ्गाः अभवन्। छात्राणां आरोपः अस्ति यत् तेषां शिकायतां गम्भीरतापूर्वकं न गृहीताः, येन स्थितिः निरन्तरं क्षीणः अभवत्। अस्मिन् समये स्थितिः क्वथनबिन्दुं प्राप्तवती यदा केचन छात्राः पाकशालायाः अन्तः एकं बिडालं भोजनं खादन्तं दृष्टवन्तः।

### बोधयति स्म सः

## आग्रहं कृतवान् यत् चलचित्रसेट्-मध्ये नियोजितानाम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

उद्योगस्य अन्तः सुधारस्य साधने श्रमिकाणां, तकनीकिनां च वेतनस्य, सुरक्षामानकानां, गौरवस्य वा किमपि न्यूनीकरणं न भवेत् इति सः बोधयति स्म सः आग्रहं कृतवान् यत् चलचित्रसेट्-मध्ये नियोजितानाम् सुविधानां, भोजनस्य, यात्राव्यवस्थायाः, निवासस्य, मानवीयकार्यस्थितेः च विषये सर्वथा कोऽपि सम्झौता न भवितुमर्हति तस्य मते ये सर्वाधिकं परिश्रमं कुर्वन्ति तेषां उपरि आर्थिकभारः आरोपयितुं अन्यायः स्यात्।

कमल हासनः अवदत् यत सुधारस्य आवश्यकता अन्यत्र एव अस्ति। सः अनावश्यकव्ययः, दुर्बलनियोजनं, अतिबृहत्समूहेन सह यात्राप्रवृत्तिः, अनुचितविदेशभ्रमणं, निर्माणविलम्बं च चलच्चित्रक्षेत्रं पीडयन्तः प्रमुखाः समस्याः इति चिन्तितवान् सः प्रश्नं उत्थापितवान् यत पेरिस्-नगरे प्रत्येकं प्रेमकथां सेट् कर्तुं किमर्थं अत्यावश्यकं मन्यते, स्विट्जर्ल्याण्ड्-देशे प्रत्येकं मधुमासस्य समापनं किमर्थं अनिवार्यतया भवितुमर्हति? रोमान्सार्थं विदेशीयमुद्रायाः व्ययः अनावश्यकः इति, भारतीयचलच्चित्रेण स्वदेशस्य सौन्दर्यस्य, सांस्कृतिकवैविध्यस्य च अधिकं आश्रयः करणीयः इति सः आह

भारतीयस्थानानां उपयोगे बलं दत्त्वा कमलहासनः अवदत् यत् देशस्य अन्तः एव असंख्यानि सुन्दराणि स्थानानि विद्यन्ते यत्र विश्वस्तरीयचलच्चित्रस्य शूटिंग कर्तुं शक्यते सः चलच्चित्रनिमार्तृभ्यः आह्वानं कृतवान् यत् ते विदेशीयस्थानानां अपेक्षया स्वदेशीयस्थानानां प्राधान्यं दद्युः। तस्य मते एतेन न केवलं उत्पादनव्ययस्य न्यूनीकरणं भविष्यति अपितु देशस्य पर्यटनक्षेत्रस्य स्थानीय अर्थव्यवस्थायाः च लाभः भविष्यति।

## रक्षापक्षः अपि तर्कयति स्म यत् प्रारम्भे शिकायतया गम्भीरस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद

किमपि अन्तरिमं राहतं दातुं न अस्वीकृतवान्। प्रत्याशितजमानयाचिकायाः विषये स्वनिर्णयं आरक्षित्वा न्यायालयेन उक्तं यत् मे २१ दिनाङ्के आदेशः घोषितः भविष्यति। सुनवायी के दौरान भागीरथ के पक्षतः उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता एस. सः अवदत् यत् तस्य ग्राहकः अन्वेषणाय पूर्णसहकार्यं कर्तुं इच्छति। रक्षापक्षः अपि तर्कयति स्म यत् प्रारम्भे शिकायतया गम्भीरस्य यौन-अपराधस्य स्पष्ट-आरोपस्य अभावः आसीत्, तदनन्तरं च अधिनियमस्य अन्तर्गतं गम्भीराः धाराः दुर्भावनापूर्वकं योजिताः इति अभियुक्तस्य बालिकायाः च मध्ये सम्बन्धः अस्ति इति, बालिकायाः परिवारः अपि तस्य विषये अवगतः इति न्यायालयं सूचितवान् अपि च कथितानां घटनानां कृते पर्याप्तकालानन्तरं शिकायतां दाखिला इति अपि प्रस्तूयते स्म।

## राशिफल

**मेष** : कल का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा हो सकता है। आपके आसपास का वातावरण आपको मानसिक तनाव दे सकता है।

**वृषभ** : आज का दिन लाभकारी रहने वाला है। हालांकि परिवार से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन** : आज का दिन यादगार रहने वाला है। आपकी सोचने की क्षमता मजबूत होगी और लोग आपकी वाणी से प्रभावित होंगे।

**कर्क** : कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन जीवन में खुशियां लेकर आएगा। आपके सपनों को पंख लगेंगे।

**सिंह** : चुनौतियां का सामना करना पड़ सकता है, जबकि शाम तक सुखद समाचार की प्राप्ति हो सकती है।

**कन्या** : आज कुछ लोगों का दिन परेशानियों से भरा हो सकता है। ऊर्जा और आत्मविश्वास में कमी का अनुभव कर सकते हैं।

**तुला** :आज का दिन आपके लिए शानदार अनुभव लेकर आएगा। आपको आज उन कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** : आज का दिन कुछ जातकों के लिए विशेष रूप से लाभकारी रहेगा। आपको नई ऊर्जा का एहसास होगा।

**धनु** : आज का दिन आपके लिए थोड़ी मुश्किलें ला सकता है। लव लाइफ में उथल-पुथल हो सकती है।

**मकर** : आज का शानदार रहने वाला है। ऊर्जा आज चरम पर होगी, जिसका इस्तेमाल आप लंबित कार्यों को पूर्ण करने में लगाएंगे।

**कुंभ** : आज का दिन आपके लिए थोड़ा परेशानी भरा हो सकता है। आपको अपने विचारों और भावनाओं पर नजर रखनी चाहिए।

**मीन** : मीन राशि वालों के लिए आज का दिन सकारात्मक रहने वाला है। ना बहुत अच्छा घटित होगा, तो बहुत बुरा भी नहीं होगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# जून में सूर्य करेंगे राहु नक्षत्र में प्रवेश , चार राशियों की आर्थिक स्थिति होगी मजबूत

22 जून को सूर्य राहु के अधीन आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश कर और 6 जुलाई तक इसी नक्षत्र में रहेंगे। इस ज्योतिषीय परिवर्तन से कुछ राशियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव, करियर में प्रगति और आर्थिक लाभ के योग बन सकते हैं।

ज्योतिष शास्त्र में सूर्य के नक्षत्र परिवर्तन को एक अत्यंत महत्वपूर्ण खगोलीय घटना माना जाता है, जिसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जीवन पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से देखने को मिलता है। इस बार सूर्य राहु के प्रभाव वाले आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं, जिसे ज्योतिषीय दृष्टि से एक विशेष और प्रभावशाली संयोग माना जा रहा है। यह नक्षत्र परिवर्तन 22 जून को



दोपहर 12:31 बजे हुआ और सूर्य 6 जुलाई तक इसी नक्षत्र में स्थित रहेंगे। इस अवधि के दौरान ग्रहों की यह स्थिति कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से शुभ परिणाम लेकर आ सकती है। करियर, व्यापार, आर्थिक स्थिति और निजी जीवन में सकारात्मक बदलाव के साथ नए अवसर मिलने के योग बन सकते हैं, जिससे कई जातकों के जीवन में प्रगति और सौभाग्य के द्वार खुलने की संभावना रहेगी।

**सिंह राशि-** सूर्य के आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करने का प्रभाव सिंह राशि के जातकों के लिए बेहद सकारात्मक माना जा रहा है। इस अवधि में कार्यक्षेत्र में उन्नति के मजबूत योग बन रहे हैं और व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ मिलने की संभावना है। जो लोग निवेश करने की योजना बना रहे हैं उनके लिए यह समय अनुकूल साबित हो सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और व्यक्तित्व पहले से अधिक प्रभावशाली दिखाई देगा। समाज में मान सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ने के योग भी बन रहे हैं जिससे आपकी छवि मजबूत होगी।

**कन्या राशि-** कन्या राशि के जातकों के लिए यह समय धैर्य और मेहनत का अच्छा फल देने वाला हो सकता है। लंबे समय से किए गए प्रयास अब सकारात्मक परिणाम देना शुरू कर सकते हैं। जीवन में अचानक कुछ अच्छे बदलाव देखने को मिल सकते हैं जो आगे बढ़ने के नए रास्ते खोलेंगे। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलने की संभावना है जो आपके करियर को आगे ले जाने में मदद करेंगी। आर्थिक स्थिति में भी धीरे धीरे सुधार देखने को मिल सकता है और स्थिरता बढ़ेगी।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि के लिए सूर्य का यह गोचर राहत और सुधार लेकर आ सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य अब पूरे होने लगेंगे जिससे मानसिक तनाव कम होगा और मन को शांति मिलेगी। आर्थिक रूप से नए अवसर मिलने के योग बन रहे हैं जो भविष्य में लाभकारी साबित हो सकते हैं। पारिवारिक जीवन में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे और संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। इस समय आपके लिए सफलता के कई रास्ते खुल सकते हैं।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह ग्रह परिवर्तन शुभ संकेत दे रहा है। आर्थिक उन्नति के मजबूत योग बन रहे हैं और करियर में अचानक नए अवसर मिल सकते हैं। ये अवसर भविष्य में बड़ी सफलता का आधार बन सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा और मान सम्मान में वृद्धि होगी। पुराने किए गए प्रयास अब अच्छे परिणाम देने लगेंगे। साथ ही मानसिक शांति और संतुलन बना रहेगा जिससे आप बेहतर निर्णय ले पाएंगे।

## खबर एक नजर...

### खाचरौद में 2 कारों की भिड़ंत, पति-पत्नी की मौत

**उज्जैन।** खाचरौद में शनिवार दोपहर 2 कारों में हुई भिड़ंत में एक कार में सवार पति-पत्नी की मौत हो गई। भिड़ंत में दोनों कारों का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। कारों को अलग करने के लिये क्रेन की मदद ली गई। खाचरौद थाना पुलिस ने बताया कि मडावदा फंटा पर दोपहर में क्रेटा कार और इको कार के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हुई थी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान आसपास के लोगों ने कारों में सवार लोगों को बचाने का प्रयास किया। लेकिन एक कार में सवार पति-पत्नी की मौत हो चुकी थी। जिनकी पहचान भोपा कालोनी में रहने वाले कैलाश और गीताबाई के रूप में हुई। दूसरी कार में खाचरौद निवासी राजपाल चंद्रावत और उनका ड्रायवर सवार था। जिन्हे ज्यादा चोंट नहीं आई है। दुर्घटना की जानकारी लगने पर मृतक पति-पत्नी के परिजन अस्पताल पहुंच गये थे। इस दौरान सामने आया कि दोनों मछली बेचने का काम करते थे और भाटपचलाना हाट बाजार में मछली बेचने जा रहे थे। मृतक दंपति के 3 बच्चे है। खाचरौद थाना पुलिस का कहना था कि मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

### पंवासा में 15 साल के बालक ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** मक्सीरोड पंवासा में शनिवार देर शाम बालक का शव मां की साड़ी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंची और शव को अस्पताल लाया गया। पंवासा थाना प्रधान आरक्षक अनिल पाल ने बताया कि शिव नगर में रहने वाले 15 वर्षीय प्रणव पिता शंकर द्वारा घर में ही साड़ी के फंदे से फांसी लगाने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। बालक ने मां की साड़ी का फंदा गले में डाला था। घटना के समय पिता काम पर गये हुए थे। मां घरों में काम करती है, वह भी नहीं थी। दोनों के लौटने पर घटना का पता चला। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक बालक का घर में अपने भाई-बहन से कहासुनी हुई थी। जिसके बाद वह दूसरे कमरे में चला गया था। भाई-बहन भी खेलने में लग गये थे। प्रधान आरक्षक पाल के अनुसार शव को अस्पताल भेज मर्ग कायम किया गया है। रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### आम के पेड पर चढ़ा वृद्ध 15 फीट नीचे गिरा, मौत

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम मतानाकला में शनिवार दोपहर को केरी तोड़ने के लिये आम के पेड़ पर चढ़ा वृद्ध रमेश पिता शंकरलाल टिपानिया 57 साल करीब 15 फीट ऊंचाई से संतुलन बिगड़ने पर नीचे गिर गया। उसे गंभीर चोंट लगने पर परिजन देवासरोड स्थित निर्मला मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां परीक्षण के दौरान रमेश की मौत होना सामने आया। मामले में नागझिरी थाना एएसआई पुरूषोत्तम शर्मा ने बताया कि अस्पताल से सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। जांच के लिये मर्ग डायरी नरवर थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

### जमीन गिरवी रखने की बात पर पिता पुत्र में विवाद

**उज्जैन।** झारडा थाना क्षेत्र के ग्राम तारोट में जमीन गिरवी रखने की बात को लेकर 80 वर्षीय रामदास पिता भेराजी और 40 वर्षीय पुत्र प्रभुलाल के बीच विवाद हो गया। पुत्र ने पिता पर लाठी से हमला कर दिया वहीं पिता ने भी पुत्र के साथ डंडे से मारपीट की। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने पिता और पुत्र के खिलाफ क्रॉस प्रकरण दर्ज किया है। पिता रामदास का आरोप था कि पहले ही बच्चों के बीच जमीन का बंटवारा कर दिया गया है। बावजूद इसके बड़े पुत्र प्रभुलाल ने उनके हिस्से की जमीन को गिरवी रख दिया। जिसको लेकर विवाद हुआ है। प्रभुलाल का कहना था की जमीन उसकी है। पुलिस का कहना था कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है पिता पुत्र के खिलाफ दर्ज प्रकरण में दोनों से नोटिस तामील कराकर मामले की जांच शुरू की गई है।

बेचने की फिराक में निकले थे, 5 दिनों की रिमांड पर पूछताछ

# बाइक सवार युवकों के पास मिली 35 ग्राम एमडी ड्रग्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मादक पदार्थ बेचने निकले बाइक सवार 2 युवकों को पुलिस ने सूचना मिलने पर घेराबंदी कर पकड़ा तो उनके पास से 35 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। शनिवार दोपहर दोनों को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि रात में खबर मिली थी कि पल्सर बाइक पर 2 युवक इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर के पास नशा करने वालों को मादक पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहे है। दोनों को पकड़ने के लिये एसआई शशिकांत गौतम की टीम को रवाना किया गया। पल्सर बाइक के पास खड़े दो युवकों को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो दोनों के नाम आफताब उर्फ राजा पिता अब्दुल खालिद खान 29 साल और देव पिता गोपाल श्रीवास 22 साल निवासी दमदमा सामने आये। दोनों की तलाशी लेने पर उनके पास से प्लास्टिक की थैली में रखा मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स बरामद हो गया। जिसकी कीमत 3.50 लाख सामने आई। दोनों को थाने लाया गया और डेढ़ लाख कीमत की बाइक जप्त कर मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। शनिवार दोपहर दोनों को न्यायालय में पेश कर 5 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। संभावना है कि मादक पदार्थ से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी भी सामने आ सकती है।





### जिले को नशा मुक्त बनाने का अभियान

उज्जैन पुलिस द्वारा जिले को नशा मुक्त बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। लगतार मादक पदार्थ से जुड़े आरोपियों की धरपकड़ की जा रहा है। 21 मई को अभियान तहत उज्जैन रेंज स्तरीय एनडीपीएस प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। जिसमें मादक पदार्थ के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिये निर्देश डीआईजी नवनीत भसीन द्वारा अधिकारियों को दिये गये थे। उन्होने अपने उद्बोधन में कहा था कि नशे के विरूद्ध अभियान केवल कानूनी कार्यवाही तक सीमित नहीं है। समाज को सुरक्षित और स्वस्थ्य बनाने का व्यापक प्रयास है। एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में संवेदनशीलता, सतर्कता और विधिक दक्षता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

### झालावाड़-आगर के रास्ते लाये थे ड्रग्स

एसआई शशिकांत गौतम ने बताया कि दोनों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि राजस्थान के झालावाड से आगर के रास्ते मादक पदार्थ लेकर आये थे। पूर्व में भी मादक पदार्थ ला चुके है। वह रात के समय अलग-अलग क्षेत्रों में नशा करने वालों को पुड़िया बनाकर बेचते है। एसआई गौतम के अनुसार रिमांड अवधि में दोनों के बताये ठिकानों पर दबिश देकर मादक पदार्थ उपलब्ध कराने वालों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेगें। गौरतलब हो कि पूर्व में भी पुलिस द्वारा पकड़े गये मादक पदार्थ के मामले में घाटाखेड़ी, झालावाड़ से एमडी ड्रग्स लाना सामने आ चुका है। कुछ साल पहले नीलगंगा थाना पुलिस ने घाटाखेड़ी के तस्करों को पकड़ा था।

नक्काशीदार लाल पत्थर की रोटरियों की हालत खस्ता

# उजड़ रही चौराहों की सुंदरता



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर को सुंदर बनाने के लिए मुख्य चौराहों पर लाखों रुपए खर्च कर नक्काशीदार लाल पत्थरों से रोटरियां बनाई गई थीं। आठ साल बाद ही रखरखाव के अभाव में इनकी हालत बहुत खराब हो गई है। जो रोटरियां कभी चौराहों की शान थीं, अब वही बदसूरत दिखने लगी हैं।

शहर के कई प्रमुख चौराहों पर बनी इन रोटरियों के लाल पत्थर जगह-जगह से उखड़ गए हैं। कई पत्थर टूटकर गिर चुके हैं। रोटरियों की दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पहले ये रोटरियां लोगों को अपनी ओर खींचती थीं, लेकिन अब इनकी हालत दयनीय हो गई है। साफ-सफाई न होने के कारण रोटरियों के पत्थरों पर धूल और मिट्टी की मोटी परत जम गई है। इससे लाल पत्थरों का चमकीला रंग पूरी तरह बदल गया है। धूल के कारण पत्थरों पर बनी सुंदर नक्काशी भी ठीक से दिखाई नहीं देती। दूर से देखने पर ये रोटरियां पुरानी और बेजान लगती हैं। सिंहस्थ 2016 के समय शहर में बड़े स्तर पर काम कराए गए थे। इसी के तहत मुख्य चौराहों और सड़कों के किनारे खाली जगहों को सुंदर बनाया गया था। चौराहों पर नक्काशीदार लाल पत्थर की रोटरियां बनाई गईं, ताकि देश-विदेश से आने वाले यात्रियों को शहर सुंदर और व्यवस्थित लगे। इन रोटरियों को बनाने में लाखों-करोड़ों रुपए खर्च हुए थे। लेकिन बनने के बाद इनकी देखभाल नहीं की गई। समय पर मरम्मत और सफाई न होने से रोटरियां धीरे-धीरे खराब होती जा रही हैं। पत्थर उखड़ने और टूटने से चौराहों की सुंदरता खत्म हो रही है। शहर के लोगों का कहना है कि अगर ध्यान नहीं दिया गया तो ये रोटरियां पूरी तरह खराब हो जाएगी।

उज्जैन के सीनियर एडव्होकेट ने

# बगैर सुप्रीम कोर्ट जाए जज के सामने क्लाइंट का पक्ष रख दिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

डिजिटल क्रांति से पर्यावरण संरक्षणः प्रधान मंत्री और सुप्रीम कोर्ट की पहल का असर देखिए- उज्जैन के सीनियर एडवोकेट वीरेंद्र शर्मा ने घर बैठे सुप्रीम कोर्ट में पैरवी की है। शर्मा ने अपने निवास से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश की सर्वोच्च अदालत में पुलिस थाना नानाखेड़ा के एक महत्वपूर्ण मामले में पैरवी की।

देश के माननीय प्रधानमंत्री और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया द्वारा 'पेट्रोल बचाने और पर्यावरण संरक्षण' को लेकर की गई विशेष पहल का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। इसी कड़ी में न्याय जगत से जुड़ा एक बेहद सराहनीय और अनुकरणीय उदाहरण सामने आया है। इस महत्वपूर्ण प्रकरण की सुनवाई के दौरान तकनीक का बेहतरीन समन्वय देखने को मिला। जब उज्जैन से सीनियर एडवोकेट वीरेंद्र शर्मा अपने निवास से वर्चुअली सुप्रीम कोर्ट से जुड़े, तो उसी समय देश के जाने-माने वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। कानूनविदों ने बिना किसी यात्रा के, अपने-अपने स्थानों से अदालत के समक्ष प्रभावी रूप से पक्ष रखा और मामले पर विस्तृत बहस हुई।हाल ही में माननीय प्रधानमंत्री और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने देश के अधिवक्ताओं और न्याय प्रणाली से जुड़े लोगों से अपील की थी कि वे छोटे-मोटे मामलों या नियमित सुनवाइयों के लिए लंबी यात्राएं करने के बजाय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का अधिक से अधिक उपयोग करें।

वकीलों और पक्षकारों को दिल्ली आने-जाने के लिए हवाई या ट्रेन यात्रा नहीं करनी पड़ती, जिससे देश के संसाधनों की बचत होती है। कोर्ट की कार्यवाही में गति आती है और अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलती है। यात्राएं कम होने से कार्बन फुटप्रिंट घटता है, जो सीधे तौर पर पर्यावरण को बेहतर बनाने में मददगार है। उज्जैन के सीनियर एडवोकेट वीरेंद्र शर्मा द्वारा उठाया गया यह कदम अन्य वकीलों के लिए भी प्रेरणादायी है। न्याय जगत और स्थानीय प्रबुद्ध जनों ने इस ऐतिहासिक पैरवी की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल माध्यमों का ऐसा उपयोग न सिर्फ वकीलों का समय और पैसा बचाता है, बल्कि देश के पर्यावरण के हित में भी एक बड़ी क्रांति है। अधिवक्ताओं की इस सजगता ने यह साबित कर दिया है कि यदि इच्छाशक्ति हो, तो तकनीक के सहारे घर बैठे भी देश की सबसे बड़ी अदालत में प्रभावी न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है।

# तस्करी में शामिल आरोपी को भेजा जेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मादक पदार्थ तस्करी में शामिल आरोपी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 1 साल के लिये इंदौर केन्द्रीय जेल भेज दिया है। आरोपी की गतिविधियां लगातार मादक पदार्थ तस्करी में सामने आ रही थी।

नीलगंगा थाना क्षेत्र की बंगाली कालोनी में रहने वाले सुजीत पिता भवरंजन सील 23 साल को स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम की 1088 की धारा 3 (1) में कार्रवाई करते हुए 1 साल के लिये जेल में निरूद्ध किया गया है। आरोपी के खिलाफ पिछले वर्ष नीलगंगा थाने में 2 मादक पदार्थ तस्करी के मामले दर्ज हुये थे। वहीं 5 अन्य मामले मारपीट, आबकारी और धमकी के दर्ज थे। मादक पदार्थ तस्करी में उसकी गतिविधियां लगातार सामने आने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी को जेल में रखने का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था। जिला मजिस्ट्रेट की अनुशंसा पर उज्जैन संभाग आयुक्त द्वारा आरोपी को इंदौर जेल भेजने के आदेश पारित कर दिये। नीलगंगा थाना पुलिस ने आरोपी के घर पहुंचकर आदेश की तामिली कराई और उसके जेल भेज दिया गया। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि आरोपी सुजीत द्वारा लगातार मादक पदार्थों का संग्रहण, परिवहन एवं अवैध विक्रय किया जा रहा था तथा वह युवाओं को नशे की ओर प्रेरित कर जिले की सामाजिक व्यवस्था को प्रभावित कर रहा था। उज्जैन पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर और प्रभावी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com